# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 18 जून 2025

संवत 2082, आषाढ़ कृष्ण सात मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 284 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ चारधाम यात्रा में मौत के उड़नखटोले!

नई फिल्म की तैयारी में लगे सोनू सूद ◂◂ 6




### बुलंदशहर में दर्दनाक सड़क हादसा

## कार में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जले



**बुलंदशहर :** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के थाना जहांगीराबाद क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

यह हादसा जहांगीराबाद-बुलंदशहर मार्ग पर ग्राम जानीपुर के पास हुआ, जब एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया से टकरा गई और उसमें आग लग गई। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ। कार में सवार छह लोग जनपद बदायूं के थाना सहसवान क्षेत्र के चमनपुर में एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद दिल्ली के मालवीय नगर लौट रहे थे। प्राथमिक जांच में पता चला है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई और पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में तुरंत आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही जहांगीराबाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक कार में सवार पांच लोगों की जलकर मौत हो चुकी थी। हादसे में एकमात्र जीवित बची 28 वर्षीय गुलनाज को गंभीर हालत में निकालकर जहांगीराबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बुलंदशहर के एसपी देहात डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# ट्रंप के साथ बातचीत में पीएम मोदी की दो टूक

● भारत ने कभी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया ● डोनाल्ड ट्रंप के साथ पीएम मोदी की 35 मिनट तक हुई बातचीत

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर स्पष्ट कर दिया है कि इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ 35 मिनट चली बातचीत में पीएम मोदी ने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया है और भविष्य में भी ऐसी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने मीडिया को इस बातचीत की जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के मुताबिक, पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई है।



दोनों नेताओं की मुलाकात कनाडा में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान होनी थी, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप को जल्दी वापस अमेरिका लौटना पड़ा, जिसके कारण ये मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह पर आज दोनों लीडर्स की फोन पर लगभग 35 मिनट तक बात हुई। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच ये पहली बातचीत हुई।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया, ₹पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में कभी भी और किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका ट्रेड डील या अमेरिका की ओर से भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी। सैन्य कार्रवाई रोकने की बात सीधे भारत और पाकिस्तान के बीच हुई। दोनों सेनाओं की बात मौजूदा चैनल्स के माध्यम से हुई थी। पाकिस्तान के ही आग्रह पर ये बातचीत हुई थी। पीएम मोदी और ट्रंप की बातचीत को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा, ₹प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से कहा कि 22 अप्रैल के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प पूरी दुनिया को बता दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 6-7 मई की रात को भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया था। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के मुताबिक, 9 मई की रात को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। उपराष्ट्रपति ने कहा था कि पाकिस्तान भारत पर बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें साफ शब्दों में बताया था कि यदि ऐसा होता है तो भारत पाकिस्तान को उससे भी बड़ा जवाब देगा। 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का भारत ने बहुत सशक्त जवाब दिया। पाकिस्तान की सेना को बहुत नुकसान पहुंचाया। विदेश सचिव के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में स्पष्ट रूप से कहा कि भारत अब आतंकवाद को प्रॉक्सी वार नहीं, युद्ध के रूप में ही देखता है और ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। विदेश सचिव ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से पूछा कि क्या वह कनाडा से वापसी में अमेरिका रुक कर जा सकते हैं। पूर्व-निर्धारित कार्यक्रमों के कारण प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी असमर्थता व्यक्त की। दोनों नेताओं ने निकट भविष्य में मिलने पर सहमति व्यक्त की।

# जीएसएसी-सीजीएल पेपर लीक केस में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

### सीबीआई जांच की मांग पर अब 26 को सुनवाई

**रांची :** जीएसएसी-सीजीएल (कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) पेपर लीक मामले की उइकजांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बहस के लिए समय की मांग की गई, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया और अगली सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है।

**जानें इस केस में अब तक क्या हुआ :** पिछली सुनवाई में सरकार ने कोर्ट को जानकारी दी थी कि मामले में कई आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की जा चुकी है। सीबीआई जांच अंतिम चरण में है। जल्द ही जांच पूरी हो जायेगी। बताया गया कि अब तक की जांच में पेपर लीक के पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। अदालत ने रिजल्ट जारी करने पर लगी रोक (स्टे) को भी अगली सुनवाई तक जारी रखने का आदेश दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी।

**किस वकील ने किसकी तरफ से की बहस :** राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रकार, जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की। अब सबकी निगाहें 26 जून की अगली सुनवाई पर टिकी होंगी।




## न्यूज ब्रीफ

### हथियारबंद अपराधियों ने लूटा मोटरसाइकिल

**चतरा :** जिले के हंटरगंज- प्रतापपुर मुख्य पथ स्थित खगड़वाटांड़ जंगल के समीप सोमवार की देर शाम 7 बजे हथियारबंद अपराधियों के द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया। इस दौरान पांच हथियारबंद अपराधियों ने मोटरसाइकिल, नगद पैसा और मोबाइल लूट लिया। इस संबंध में पीड़ित शेरघाटी थाना क्षेत्र के रामपुरधाप गांव के मोहम्मद ओबेदुल्ला अंसारी ने हंटरगंज थाने में आवेदन दिया है। पीड़ित ओबेदुल्ला अंसारी ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के घर हंटरगंज के बोड़ा गांव आया हुआ था। जहां से अपने दोस्त जितेंद्र भारती का मोटरसाइकिल लेकर अपने ससुराल इमामगंज जा रहा था। इसी दौरान खगड़वाटांड जंगल के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच नकाबपोश अपराधियों ने उसके मोटरसाइकिल को ओवरटेक कर रोक लिया और हथियार के बल पर उसके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान उसके साथ मारपीट भी किया। लुटेरों ने पीड़ित से उसकी मोटरसाइकिल होंडा शाइन एसपी जेएच 02 बी क्यू 5323,नगद 15000 और एक मोबाइल भी लूट लिया। इसके बाद लुटेरे पीड़ित का मोटरसाइकिल लेकर खरांटी गांव जाने वाले जंगल के रास्ते से फरार हो गये। पुलिस लुटेरों के धर पकड़ में जुटी हुई है। स्थानीय लोगो के अनुसार खगड़वाटांड़ में अपराधियों के द्वारा कई छोटे मोटे लूटकांड की घटना का अंजाम दिया जा चुका है। अपराधी सामने वाले जंगल की ओर भागने में सफल हो जाते हैं। हालांकि पुलिस हर एक पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है।

### चेन्नई में मजदूरी कर रहे प्रतापपुर के श्रमिक की झील में मिली लाश

**चतरा :** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव के श्रमिक शिरामन भारती की मौत चेन्नई के कांचीपुरम थाना क्षेत्र में हो गई। 42 वर्षीय शिरामन, बुटानी भारती का बेटा था। उसका शव 7 जून को कांचीपुरम क्षेत्र की एक झील से बरामद हुआ। पहचान आधार कार्ड से हुई। चेन्नई पुलिस ने 16 जून को प्रतापपुर पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई।सोहया के ठेकेदार मो. युनुस बहला-फुसलाकर उसे चेन्नई मजदूरी के लिए ले गया था। वहां वह सड़क सफाई का काम करता था। परिजनों ने ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही शव को गांव लाने के लिए झारखंड सरकार और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, एक घायल रेफर



**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के मीरपुर पंचायत अन्तर्गत सोनवर्षा गांव में आकाशीय बिजली के चपेट में आने से एक अधेड व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं घटना में एक महिला गंभीर हालत में हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया जा रहा है कि यह घटना उस वक्त हुई है, जब खेत की ओर मवेशी चराने दोनो गए हुए थे तभी झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए दोनो एक बड़े महुआ पेड़ के नीचे शरण लेने लगे, लेकिन दुर्भाग्यवश उसी पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस हादसे में एक की मौके पर मौत हो गई जबकि दुसरी वृद्ध महिला झुलस गई। इधर ग्रामीणों ने आनन - फानन में घटना की घायल महिला को लेकर हंटरगंज समुदायिक स्वास्थय केन्द्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज हेतु गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा दिया है। मृतक की पहचान सोनवर्षा निवासी नन्हक यादव के 50 वर्षीय पुत्र देवलाल यादव (50) और घायल वृद्ध महिला देवलाल होरिल यादव की पत्नी सुगिया देवी (75)के रूप में हुई है।

### भगवान बिरसा जैविक उद्यान में गूंजेगी अभय की दहाड़, शबरी बनी नई रानी



**रांची:** भगवान बिरसा जैविक उद्यान में शेर-शेरनी और मगरमच्छ के नए जोड़े पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं. नए मेहमानों के आगमन से ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान अब और भी जीवंत हो गया है. चिड़ियाघर में लंबे अंतराल के बाद एशियाई शेरों की दहाड़ और मगरमच्छों की ठंडी निगाहें एक बार फिर पर्यटकों को रोमांचित करेगी. वन्यजीव आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत नया रायपुर के नंदनवन चिड़ियाघर एवं सफारी से भगवान बिरसा जैविक उद्यान में 17 जून को चार नए जीवों को लाया गया. जिनमें एक जोड़ा शेर (अ२३ू छड्ढल्ल) और एक जोड़ा मगरमच्छ शामिल हैं।

**अभय और शबरी का जू में स्वागत :** इनमें नर शेर का नाम अभय रखा गया है, जिसकी उम्र लगभग 14 वर्ष है. जबकि मादा शेरनी ₹शबरी₹ की उम्र चार साल बताई गई है. साथ ही दोनों मगरमच्छों की उम्र भी लगभग तीन से चार वर्ष के बीच है. इन सभी जानवरों को आज ही विशेष देखरेख में उनके बाड़ों में छोड़ा गया है. इस मौके पर आयोजित एक सादे कार्यक्रम में झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (ल्ड्ड्रऋ) अशोक कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) पारितोष उपाध्याय, मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक, चिड़ियाघर जब्बर सिंह समेत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**रांची जू में शेरों की कमी खल रही थी :** गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में भगवान बिरसा जैविक उद्यान में मौजूद शेरों में से दो 'जया' और 'बिरु'तथा एक हाइब्रिड शेरनी 'प्रियंका' की मृत्यु उम्र संबंधी कारणों से हो गई थी. चिड़ियाघर में अब तक सिर्फ एक हाइब्रिड शेर 'शंशाक' ही जीवित था. शेरों की कमी से न केवल सैलानी निराश थे, बल्कि चिड़ियाघर की जैव विविधता भी अधूरी महसूस होती थी. ऐसे में नए एशियाई शेरों के आगमन से यह कमी पूरी हो गई है और चिड़ियाघर फिर से अपने गौरव को प्राप्त कर रहा है।

**91 प्रजातियों के साथ चिड़ियाघर अब और समृद्ध :** 104 हेक्टेयर में फैले भगवान बिरसा जैविक उद्यान में पहले से ही 91 प्रजातियों के जीव-जंतु मौजूद हैं. अब शेर और मगरमच्छ के जोड़े के आने से जैविक विविधता और भी समृद्ध हुई है. दर्शकों को इन नए जीवों को देखने का अवसर तुरंत मिल सके इसके लिए बाड़ों की तैयारियों को पहले से ही अंतिम रूप दे दिया गया था। सफल आदान-प्रदान के पीछे समर्पित प्रयास इस वन्यजीव विनिमय योजना की सफलता में झारखंड वन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, चिड़ियाघर निदेशक, सहायक वन संरक्षक, पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के आदान-प्रदान कार्यक्रम चिड़ियाघरों की शैक्षणिक, प्रदर्शनीय और संरक्षण उद्देश्यों की पूर्ति में अहम भूमिका निभाते हैं। साथ ही इससे चिड़ियाघर आने वाले पर्यटकों को प्रकृति और वन्यजीवों के बारे में जागरूक करने का अवसर भी मिलता है।

**पर्यटकों में दिखी खुशी :** शेर और मगरमच्छ के नए जोड़े को देखने के लिए पहले ही दिन बड़ी संख्या में पर्यटकों की भीड़ नजर आई. खास तौर पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया. भगवान बिरसा जैविक उद्यान प्रबंधन आने वाले दिनों में और भी वन्यजीवों को लाकर चिड़ियाघर को अंतरराष्ट्रीय स्तर के जैविक पार्क के रूप में विकसित करने की दिशा में अग्रसर है।

# शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को मिला सहायता राशि, सीएम ने नौकरी का दिया ऑफर

**संवाददाता**

**रांची:** चाईबासा के रातामाटी गांव के घने जंगल में 12 अप्रैल 2025 को नक्सलियों के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में झारखंड जगुआर के आरक्षी सुनील धान शहीद हो गए थे। राज्य सरकार ने शहीद आरक्षी के परिवार को सहायता राशि के अलावे अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**शहीद के परिजनों को मिली सहायता राशि :** मंगलवार 17 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद सुनील धान के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत निर्गत 1 करोड़ 20 लाख रुपए की वित्तीय सहायता राशि का चेक सौंपा. वहीं, गृह विभाग द्वारा 1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपए की राशि उनके बैंक अकाउंट में क्रेडिट किया गया।




सीएम आवास में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीद के परिजनों के साथ सदैव खड़ी है. उन्होंने कहा कि आरक्षी सुनील धान जी ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत को नमन करते हैं।

हमारी सरकार एक शहीद परिवार की पीड़ा को गहराई से समझती है। झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। उन्होंने शहीद के परिजनों की हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने बहादुर आरक्षी सुनील धान के परिवार के साथ है. हमारी सरकार शहीद के बलिदान के सम्मान में उनके परिजनों को हरसंभव मदद करती रहेगी।

गौरतलब है कि आरक्षी सुनील धान आईईडी विस्फोट में गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे और उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। जहां इलाज के दौरान 12 अप्रैल 2025 को वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

**शहीद की पत्नी को अनुकंपा पर नौकरी करने का ऑफर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शहीद आरक्षी सुनील धान की मां फगनी उराइन, पत्नी गंदरी धान और दो पुत्र प्रियांश धान (5 वर्ष) तथा अनिकेत धान (3 वर्ष) सहित अन्य लोगों ने मुलाकात की. इस दौरान मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें।

उन्होंने शहीद आरक्षी सुनील धान की पत्नी से कहा कि राज्य सरकार के प्रावधान के तहत आप चाहे तो अनुकंपा पर सरकारी नौकरी कर सकती हैं. शहीद की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके बच्चे अभी काफी छोटे हैं। आने वाले दिनों में वे नौकरी करने के संबंध में विचार करेंगी. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी परिजन हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें। राज्य सरकार सदैव आपके दुःख-सुख में साथ खड़ी रहेगी।

## चतरा सांसद ने की सड़क को लेकर बड़ी पहल, पांच जरूरी सड़कों के निर्माण की मांग

### जनता की परेशानी को लेकर सांसद कालीचरण सिंह ने पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव से की मुलाकात

**संवाददाता**

**चतरा :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद कालीचरण सिंह ने मंगलवार को रांची में झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार से मुलाकात की। इस मुलाकात का मकसद चतरा और आसपास के इलाकों की खराब सड़कों को ठीक करवाना था। सांसद श्री सिंह ने बताया कि खासकर नक्सल प्रभावित इलाकों में सड़क की हालत बहुत ही खराब है। गांव के लोग, किसान, बच्चे, मरीज– सबको आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है। कई जगहों पर तो एंबुलेंस और स्कूल वैन भी नहीं पहुँच पाती। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने पाँच अहम सड़कों के निर्माण की माँग रखी है। उन्होंने कहा कि अगर ये सड़कें बन जाती हैं, तो न सिर्फ लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि इलाके में विकास और रोजगार के भी रास्ते खुलेंगे।



**जिन पांच सड़कों की माँग की गई है जो इस प्रकार हैं:**

बगरा मोड़ (एनएच-99) से पांकी (पलामू) तक झ यह चतरा और पलामू जिले को जोड़ेगा।

मनिका बकोरिया (एनएच-75) से सुरजौन मोड़ पांकी डालटनगंज रोड तक झ लातेहार जिला के लोगों को फायदा होगा।

जोरी पाखा मोड़ (एनएच-99) से जोलडीहा होते हुए राजपुर और कान्हाचट्टी तक झ चतरा जिले के कई गांवों के लिए जरूरी रास्ता। राजपुर से बाराचट्टी जीटी रोड तक झ यह रास्ता बिहार और झारखंड की सीमा को जोड़ेगा। पांकी डालटनगंज रोड से सगालीम, आसेहार, होटाई होते हुए सालमदीरी तक झ पलामू जिला का यह इलाका बहुत पिछड़ा है, यहाँ सड़क बेहद जरूरी है। सांसद ने प्रधान सचिव से सारे प्रस्ताव जल्द से जल्द केंद्र सरकार को भेजने की अपील की। ताकि सड़क का काम जल्द शुरू हो सके और लोगों को लाभ मिल सके। इस मौके पर चतरा विधायक जनार्दन पासवान, समाजसेवी अरुण सिंह भी मौजूद थे।

## बीएलओ को मिला चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण

### एसडीओ और बीडीओ मुख्य रूप से रहें मौजूद



**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को चुनाव से संबंधित 160 बीएलओ और प्रवेक्षक को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुआ। इसमें मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, और हंटरगंज प्रखण्ड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान पूरे प्रखण्ड से मात्र 120 बीएलओ ही प्रशिक्षण में मौजूद रहे। इधर जानकारी मिलते ही एसडीओ ने 40 अनुपस्थित मिले बीएलओ पर सख्त नाराजगी जाहिर की। वही कड़ी फटकार लगाते हुए अनुपस्थित बीएलओ को एक दिन का वेतन काटने एवं उपस्थित नहीं होने का स्पष्टीकरण देने का निर्देश देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने तक की बात कही। यह निर्देश से स्पष्ट संकेत किया गया हैं कि विकास एवं प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इससे प्रशिक्षण में शामिल होने आए बीएलओ में हड़कंप मच गया। प्रशिक्षण चतरा से आए मास्टर ट्रेनर अजीत कुमार झा और रमेश प्रसाद ने दिया।प्रशिक्षण के दौरान समस्त बीएलओ व प्रवेक्षक को पी.पी.टी के माध्यम से जियो फेसिंग का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सभी प्रवेक्षक को एक-एक मतदान केंद्रों का नजरी नक्शा, की मैप एवं कॉर्डिनेट तैयार करने के लिए कहा गया। उक्त सभी कार्यों को ससमय पूरा करने के लिए निर्देश दिया गया।मौके पर बीपीआरओ योगेश कुमार शर्मा, प्रवेक्षक सोनू रजक, आनंद कुमार, प्राण कुमार के अलावा सैकड़ों बीएलओ मौजूद थे।

## एंबुलेंस कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

**चतरा :** विभिन्न मांगों को लेकर 108 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। मंगलवार को एंबुलेंस कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि वह पिछले 8 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों पर वर्तमान संस्था सम्मान फाउंडेशन रांची एवं पूर्व के संस्था के द्वारा अत्याचार एवं शोषण किया जा रहा है। एम्बुलेंस कर्मचारी संप द्वारा कर्मचारियों के हितों की रक्षा और विभिन्न मांगो को लेकर बार बार आंदोलन किया गया लेकिन विभागीय मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों के द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। संघ झारखंड सरकार और श्रम विभाग के नियमों के अनुसार कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय पर भुगतान करने, कर्मचारियों को ईपीएफ, ईएसआई, बीमा और ज्वॉइनिंग लेटर देने, कर्मचारियों को पूर्व संस्था के तरह कुशल श्रेणी का वेतन भुगतान करने, प्रत्येक वर्ष वेतन वृद्धि करने, कर्मचारियों को 60 से 62 वर्ष उम्र तक की स्थाई नौकरी सुनिश्चित करने, कर्मचारियों को एनएचएम से वेतन भुगतान करने, कर्मचारियों को एनएचएम से स्थाई करने, पुराने कंडम एम्बुलेंस को निरस्त कर नई एंबुलेंस देने, बकाया ग्रेच्युटी भुगतान करने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। मांगों के समर्थन में कर्मचारी 16 से 18 जून तक काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे।

## ऊंटा बालिका आश्रम गृह से दो दिन पूर्व फरार नाबालिग युवतियों को किया गया बरामद

### तीन को हजारीबाग बस स्टैंड व एक को इटखोरी से किया गया बरामद

**संवाददाता**

**चतरा :** सदर प्रखंड क्षेत्र के ऊंटा में संचालित बालिका आश्रय गृह से बीते शनिवार की रात फरार हुई चारों नाबालिक युवतियों को बरामद कर लिया गया है। तीन युवतियों को हजारीबाग बस स्टैंड से तथा एक युवती को इटखोरी से बरामद किया गया है। सदर थाना पुलिस चारों युवतियों को रिकवर कर सदर थाना लाई है। जहां महिला पुलिस की टीम उनसे पुछताछ कर रही है। फरार चार युवतियों में से तीन सिमरिया थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव तथा एक इटखोरी थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं। यहां बताते चले कि बीते शनिवार की मध्य रात्रि चारों नाबालिग बालिका आश्रय गृह के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर फरार हो गई थी। इस मामले में बालिका आश्रय गृह की उपाधीक्षक प्रियंका कुमारी ने सदर थाना में आवेदन देकर किशोरियों के भागने का मामला दर्ज कराया था। इसी बीच पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बालिका आश्रय गृह से फरार तीन युवतियां हजारीबाग बस स्टैंड में बस का इंतजार कर रही हैं। चतरा पुलिस ने हजारीबाग पुलिस को मामले की जानकारी दी। हजारीबाग पुलिस मौके पर पहुंची और युवतियों को अपने कब्जे में लिया। दूसरी ओर एक फरार युवती को इटखोरी पुलिस ने कब्जे में लेते हुए चतरा पुलिस को हैंड ओवर किया।




**पुलिस जांच में हो सकते हैं कई खुलासे, आखिर क्या चल रहा आश्रय गृह में :** पुलिस बरामद युवतियों से पुछताछ कर रही है। पुछताछ में कई खुलासे हो सकते हैं। आखिर बालिका आश्रय गृह में क्या चल रहा है। युवतियां यहां से बार बार क्यों भाग जा रही हैं। यहां बताते चले कि इससे पहले भी पिछले माह 13 मई की रात ऊंटा बालिका आश्रय गृह से तीन नाबालिक युवतियां फरार हो गई थी। जिनका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। आखिर युवतियों को बालिका आश्रय गृह में रहने में क्या परेशानी हो रही है या फिर उन्हें कोई प्रताड़ित करता है। जांच में इसका खुलासा हो सकता है। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि बरामद युवतियों से पुछताछ की जा रही है। पुछताछ के बाद ही युवतियों के बालिका आश्रय गृह से फरार होने के कारणों का पता चल पाएगा।

**आश्रय गृह के सुरक्षा पर उठ रहे सवाल, आखिर क्यों भाग जा रही हैं युवतियां :** बालिका आश्रय गृह से दो माह के अंदर सात युवतियों के फरार हो जाने की घटना के बाद आश्रय गृह की सुरक्षा पर सवाल उठने लगा है। आखिर आश्रय गृह से बार बार युवतियां कैसे फरार हो जा रही हैं और आश्रय संचालकों को इसका भनक भी नहीं लग पाता है। इससे पहले फरार युवतियों के पास से सर्च के दौरान मोबाइल और अलग अलग कंपनी का मोबाइल नंबर, युवतियों के पास से नए नए चप्पल आदि बरामद हुआ था। सवाल उठता है कि आखिर आश्रय गृह में रह रही नाबालिक युवतियों को मोबाइल व अन्य सामग्री कैसे पहुंच जा रहें हैं और कौन पहुंचा रहा है। युवतियों से प्राप्त मोबाइल से किससे किससे बात होती थी। यदि पुलिस मामले की गहनता से जांच करें तो कई चौकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

## सर्वजन पेंशन योजना: रांची में 2.32 लाख लाभुकों को जून माह का हुआ भुगतान



**रांची:** जिला प्रशासन ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सर्वजन पेंशन योजना के तहत जून माह की पेंशन राशि का वितरण सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार इस योजना के अंतर्गत जिले के 2 लाख 32 हजार 310 लाभुकों को एक-एक हजार रुपये की राशि डीबीटी यानी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी गई है. इस भुगतान के लिए कुल 23 करोड़ 23 लाख 10 हजार रुपये की राशि निर्गत की गई है। राज्य सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही इस योजना में वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं, दिव्यांग व्यक्तियों, एचआईवी/एड्स पीड़ितों, ट्रांसजेंडर समुदाय तथा आदिम जनजाति समुदाय के पात्र लोगों को नियमित रूप से पेंशन दी जाती है. जून माह में पेंशन राशि प्राप्त करने वाले लाभुकों की सूची में सर्वाधिक संख्या मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभुकों की रही, जिनकी संख्या 1 लाख 67 हजार 684 है. वहीं, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना के तहत 47 हजार 271 लाभुकों को लाभ पहुंचाया गया।

**इन लाभुकों को मिला लाभ :** स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन योजना के तहत 16 हजार 608 दिव्यांग व्यक्तियों को भी पेंशन की राशि प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त एचआईवी/एड्स पीड़ित पेंशन योजना के अंतर्गत 406 लाभुकों को और मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन योजना के तहत 334 लाभुकों को पेंशन दिया गया है। वहीं, ट्रांसजेंडर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत भी 7 लाभुकों के खाते में पेंशन राशि स्थानांतरित की गई है।

**शिकायत के लिए नंबर जारी :** इस संदर्भ में समाज कल्याण विभाग की सामाजिक सुरक्षा शाखा के सहायक निदेशक रवि मिश्रा ने बताया कि राज्य संपोषित योजनाओं के अंतर्गत जून 2025 तक की पेंशन राशि लाभुकों को उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र लाभुक वंचित न रहे. बावजूद इसके यदि किसी लाभुक को तकनीकी या अन्य कारणों से पेंशन की राशि नहीं प्राप्त हुई हो, तो वह अबुआ साथी सेवा के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकता है। जिला प्रशासन ने इसके लिए व्हाट्सएप नंबर 9430328080 जारी किया है, जिस पर लाभुक अपनी समस्या भेज सकते हैं. प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सामाजिक सुरक्षा कार्यालय द्वारा समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार की यह योजना राज्य के कमजोर और वंचित तबके के लोगों को सामाजिक और आर्थिक आधार प्रदान करती है, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सके. पेंशन का सीधा लाभ बैंक खाते में मिलने से लाभुकों को पारदर्शी और समयबद्ध सहायता मिल रही है। रांची जिला प्रशासन की इस पहल से पेंशन योजना में लोगों का विश्वास और भागीदारी भी बढ़ रही है।



## अंजुमन इस्लामिया अस्पताल के नये भवन का उद्घाटन, नहीं पहुंच पाये स्वास्थ्य मंत्री

**रांची :** रांची स्थित अंजुमन इस्लामिया अस्पताल के नव निर्मित भवन का आज उद्घाटन किया गया, जिसमें ओपीडी, पैथोलॉजी और पॉल्यूशन कंट्रोल यूनिट की शुरूआत की गई. इस कार्यक्रम में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था, लेकिन वे किसी अपरिहार्य कारणवश नहीं पहुंच सके.

**अस्पताल में इलाज करा रहे मरीज से करवाया उद्घाटन :** मंत्री की अनुपस्थिति में उद्घाटन कार्यक्रम को प्रतीकात्मक रूप से आगे बढ़ाया गया. अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल में उपचाराधीन मरीज एमडी जाहिद (बसिया, बालूमाथ, लातेहार निवासी) के हाथों भवन का उद्घाटन करवाया. कार्यक्रम में अस्पताल स्टाफ और स्थानीय लोग मौजूद रहे. हालांकि मंत्री की गैरमौजूदगी को लेकर कुछ लोगों में निराशा भी देखी गई. अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि किसी अपरिहार्य कारणवश मंत्री कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

## उच्च न्यायालय में घटिया सुरक्षा उपकरण की खरीदारी की गई : प्रतुल शाहदेव



**रांची :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ज हेमंत सरकार पर उच्च न्यायालय की सुरक्षा से बड़ा खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। प्रतुल ने कहा कि बिना टेंडर के हेमंत सोरेन सरकार ने हाई कोर्ट के लिए सुरक्षा उपकरणों की खरीदारी की । खरीदने के पहले उपकरणों की जांच नहीं हुई। लेकिन खरीद के बाद स्पेशल ब्रांच के डीआईजी की अध्यक्षता में टेक्निकल टीम का गठन हुआ। प्रतुल ने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार रिपोर्ट में बताया गया कि खरीदे गए चार उपकरणों में से तीन उपकरण टेस्ट में बिल्कुल फेल कर गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमीन के अंदर गाड़े डेटोनेरेटर को डिटेक्ट करने वाला डीप सर्च माइन ,मेटल डिटेक्टर को बेकार पाया गया और वह जमीन के अंदर आईडी और बम को डिटेक्ट नहीं कर पाया। प्रतुल ने कहा कि उच्च न्यायालय के लिए खरीदे गए अंडर व्हीकल सर्च मिरर ,जिससे शीशे के जरिए गाड़ी के चेसिस के नीचे लगे बम को जांच होती है, उसे भी बेकार पाया गया ।यह उपकरण भी गाड़ी के नीचे आईडी और बम को डिटेक्ट नहीं कर पाया। प्रतुल ने कहा कि हाई एक्सप्लोसिव, टी एन टी को डिटेक्ट करने वाला एक्सप्लोसिव वेपर डिटेक्टर भी पूरे तरीके से रिपोर्ट में गड़बड़ पाया गया और यह कुछ भी डिटेक्ट नहीं कर पाया।

## खेल विभाग में स्पोर्ट्सकिट खरीद में हुआ है घोटाला : बाबूलाल मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के खेल विभाग में हुए 6 करोड़ के घोटाले पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार में लूट मची हुई है। सारे नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही।रोज नए नए घोटाले उजागर हो रहे। कहा कि ई-रिक्शा में डीजल भरवाने जैसे हास्यास्पद घोटालों के बाद, हेमंत सरकार के खेल विभाग ने अब करीब 6 करोड़ रुपये का नया घोटाला कर दिया है। कहा कि स्पोर्ट्स किट की खरीद में विभाग ने सबसे कम बोली लगाने वाली (छ1) कंपनी को दरकिनार कर, ऊंची दर पर सामान देने वाली कंपनी को ठेका दे दिया। कहा कि हेमंत सरकार में टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी और कमीशन आधारित फैसले की बात आम हो चुकी है। पारदर्शिता की जगह अब साठगांठ और लूट का बोलबाला है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पूरे मामले में विभागीय मंत्री और अधिकारियों की भूमिका की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, रांची में पशुपालन पर कार्यशाला

**संवाददाता**



**रांची:** झारखंड की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पशुपालन विभाग और ग्रामीण आजीविका मिशन (खरछढर) ने अच्छी पहल की है. राष्ट्रीय पशुधन मिशन (ठछट) के तहत मंगलवार को रांची में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह (रल्ऋ) से जुड़ी महिलाओं को मुर्गी पालन, बकरी पालन और सूअर पालन जैसे छोटे व्यवसायों की जानकारी देना था, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें.

**पशुपालन को लेकर विशेषज्ञों ने दिये टिप्स :** कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि बेहतर नस्ल के पशुओं का चुनाव कैसे करें, उनके लिए पोषक चारा कैसे तैयार करें और पशुपालन को एक टिकाऊ व्यवसाय के रूप में कैसे अपनाएं. इस मौके पर राज्य और देश के कई अधिकारी और ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े लोग शामिल हुए.

**10 जिलों की आजीविका पशु सखियों ने लिया कार्यक्रम में भाग :** पशुपालन पर आयोजित कार्यशाला में झारखंड के 10 जिलों से आईं लगभग 100 आजीविका पशु सखियों (अढर) ने भाग लिया. इनमें से बोकारो, रांची, गिरिडीह और सरायकेला-खरसावां जिलों की 5 महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया

## डीएवी गांधीनगर में योग का प्रशिक्षण

**रांची :** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे कार्यक्रम के दूसरे दिन मुंगेर के योगाचार्य स्वामी मुक्तरथ ने शिक्षकों एवं छात्रों को योग का प्रशिक्षण दिया। इसके अंतर्गत भ्रामरी, कपालभाति आदि यौगिक क्रियाओं के साथ मयूरासन, सूर्यनमस्कार, शशकासन, वज्रासन, वृक्षासन, पद्मासन,धनुरासन, कूर्मासन जैसे विभिन्न आसनों को करना सिखाया तथा उनके महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने जीवन को तनावरहित एवं प्रसन्नचित रहने के लिए योग को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक ऊर्जा के लिए योग को रामबाण की संज्ञा दी। उन्होंने आगे कहा कि योग से जीवन स्वस्थ ही नहीं रहता अपितु प्रगति के प्रत्येक क्षेत्र में योग की अप्रत्यक्ष भूमिका होती है। आज के इस कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से नवमी के छात्रों के साथ शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री प्रदीप कुमार झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे भोजन, शयन, भ्रमण, स्नान,पठन आदि दैनिक जीवन के कार्यों के अंग होते हैं उसी प्रकार हमें योग को भी दैनिक क्रियाकलापों में स्थान देना चाहिए।

### बलिदान दिवस तैयारी को लेकर आजसू पार्टी ने की बैठक, कहा

## झामुमो बिहार में लड़ने को बेताब, झारखंड की चिंता नहीं



**संवाददाता**

**रांची:** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा है कि वर्तमान हेमंत सरकार जनता के साथ छल कर रही है। झामुमो ने चुनाव के समय जो वायदे किए थे, उन्हें हेमन्त सोरेन भूल चुके हैं। झामुमो को झारखंड की जनता की चिंता नहीं है। हेमंत सोरेन बिहार में चुनाव लड़ने के लिए बेताब हैं, जबकि लालू यादव उन्हें कोई भाव ही नहीं दे रहे। उन्होंने आजसू के रांची महानगर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा बलिदान दिवस पर आजसू पार्टी हेमंत सरकार के कुशासन के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंकेगी।

आजसू पार्टी रांची महानगर के कार्यकर्ता 22 जून को आयोजित बलिदान दिवस की तैयारी में जुट गए हैं। महानगर कार्यकताओं की बैठक आज केंद्रीय कार्यालय, हरमू में हुई, जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने की, जबकि संचालन केंद्रीय सचिव बनमाली मंडल ने किया। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी के लिए वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि यह समारोह न केवल शहीदों को स्मरण करने का अवसर होगा, बल्कि झारखंड की वर्तमान स्थिति के मूल्यांकन का भी मौका भी होगा। श्री प्रभाकर ने महानगर कार्यकताओं को व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राज्य निर्माण में युवा शक्ति की अहम भूमिका रही है। झारखंडी जनता के हितों के संघर्ष के लिए पुनः युवा शक्ति को आगे आना होगा। बैठक में केंद्रीय कार्यालय सचिव नईम अंसारी, मीडिया प्रभारी परवाज खान, महानगर महासचिव रमेश गुप्ता, बिरेंद्र प्रसाद, राकेश सिंह, जय श्रीवास्तव, सज्जाद अंसारी, अमित वर्मा, देवाशीष चट्टोराज, अभिषेक त्रिवेदी, ज्योतिष त्रिवेदी, मिंटू कुमार, संजीव कुमार, अभय कुमार, गौतम सिंह, आनंद राज, संतोष दुबे, डॉ पार्थ परितोष, कौशल तिवारी आदि उपस्थित थे।

### डीपीएस में कक्षा 11 के छात्रों के लिए प्रेरणात्मक ओरिएंटेशन कार्यक्रम

## प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभ से ही करें : विकास

**रांची :** डीपीएस द्वारा मंगलवार को विवेकानंद सभागार में कक्षा 11 (सत्र 2025झ्र26) के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सफल शैक्षणिक एवं करियर यात्रा के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात गणमान्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया – जो विकास, ज्ञान और हरित भविष्य का प्रतीक है। इस अवसर की गरिमा को श्री विकास कुमार, प्रसिद्ध करियर काउंसलर एवं सायकोग्राफिक सोसाइटी के संस्थापक ने बढ़ाया, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों और अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, निरंतरता और सकारात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को जानकारीपूर्ण निर्णय लेने और अपने अध्ययन पथ की जिम्मेदारी को ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया। विकास कुमार द्वारा आयोजित एक संवादात्मक सत्र ने कार्यक्रम को और भी समृद्ध बना दिया। उन्होंने विषय-आधारित करियर योजना और लक्ष्य निर्धारण पर अपना विशेषज्ञ मार्गदर्शन साझा किया। शिक्षा जगत के बदलते परिदृश्य और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की गतिशील प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा द्वारा)**

ई–निविदा नोटिस संख्या: 2025-20-NAC ICF Toilet Upgrad दिनांक 14.06.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम व स्थान:** Up gradation of Coach Toilets of NAC ICF Coaches at Carriage Workshop Jodhpur & Carriage work shop Ajmer North Western Railway. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1064480672.00 (रु. एक सौ छः करोड़ चौवालीस लाख साठ हजार छः सौ बहत्तर मात्र)। **बयाना राशि जो जमा करानी है:** रु. 5472300.00 (रुपये चौअन लाख बहत्तर हजार तीन सौ मात्र)। **ई–निविदा जमा करने की अन्तिम दिनांक व समय तथा ई–निविदा खोलने की दिनांक व समय:** 07.07.2025 को 15:00 बजे तक तथा 07.07.2025 को 15:00 बजे के बाद। **वेबसाइट विवरण जहां से ई–निविदा सम्बन्धित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in डब्लूडब्लूडब्लू.आईआरईपीएस.जीओवी.आईएन **कार्यालय का पता जहां से निविदा जारी की गयी:** मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर–342001 राजस्थान

693-PM/25

हमें WRRailways WRRailways_ पर फॉलो करें

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग)**
**कार्यालय : मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची।**

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में "मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण" योजनान्तर्गत नये रंगीन मछली इकाईयों (महिला लाभुकों) को प्रति इकाई हेतु पूर्व से निर्धारित कुल मो0 20,000/– (बीस हजार) रू0 प्रति इकाई एवं पूर्व संचालित रंगीन मछली इकाईयों (महिला लाभुकों) को पूर्व से निर्धारित कुल मो0 10,000/– (दस हजार) रू0 प्रति इकाई की दर निर्धारित है एवं "मत्स्य विपणन योजना" अन्तर्गत सुयोग्य लाभुकों को एक्वेरियम शॉप/दुकान सज्जा हेतु पूरक सामग्री दिया जाना है। लाभुकों को दिये जाने वाले पूरक सामग्रियो के क्रय हेतू इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओ से निम्नलिखित रूप से निविदा आमंत्रित की जाती है :–

Group "A"

| Sl. No. | Item | Description | Sl. No. | Item | Description |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mild Steel Rack Three Chamber (24 Gauge) | Good Quality | 4 | Aquarium Glass | (I) (36"x15") inch - 03 Pcs. (II) (15"x15") inch - 02 Pcs. (Thickness 6mm with Polish) |
| 2 | Fiber Tank | Circular (3x1.5) Feet Base Thickness 3mm Wall Thickness 2mm | 5 | Aquarium Glass | (I) (24"x12") inch - 03 Pcs. (II) (12"x12") inch - 02 pcs (Thickness 5mm with Polish) |
| 3 | Quarantine Aquarium | 380 A (Electrical) | 6 | Aquarium Glass | (I) (18"x12") inch - 03 Pcs. (II) (12"x12") inch - 02 Pcs. (Thickness 4mm with Polish) |

Group "B"

| SL. No. | Item | Description | SL No. | Item | Description |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Plankton Net | Mesh size 50µ - 100µ, , Length 24", Diameter 12" | 19 | Magnetic Air Blower | 35 Watt. Air Pressure 65L/Min |
| 2 | Hand Net (Big) | 10" inch | 20 | Diamond Glass Cutter | Good Quality |
| 3 | Hand Net (Small) | 4" inch | 21 | Silicon Adhesive | 280 ml |
| 4 | Ornamental Floating Fish Feed | Per Kg | 22 | Adhesive Gun | Good Quality |
| 5 | Power Filter | 15 Watt. | 23 | Plastic Tub | Dia 18" inch |
| 6 | Air Pump | Double Nozzle | 24 | Power Filter | 25 Watt. |
| 7 | Syphon Pipe | With Key | 25 | Artificial Plant | 12" inch |
| 8 | Thermostat | 200 Watt. | 26 | Aquatic Plant | 01 Variant |
| 9 | Methylene Blue | 120 ml | 27 | Color Stone | Good Quality |
| 10 | Malachite green | 30 ml | 28 | Poster | 12" inch |
| 11 | Universal Indicator Solution | pH 4 – 11 (100 ml) | 29 | Poster | 15" inch |
| 12 | Air Pipe | 50 Mtr./Roll | 30 | Led Tube Light | 2 Feet |
| 13 | Connector (+) | 100 Pcs./Packet | 31 | Led Tube Light | 3 Feet |
| 14 | Connector (-) | 100 Pcs./Packet | 32 | Air Stone | Small |
| 15 | Connector (T) | 100 Pcs./Packet | 33 | Air Stone | Medium |
| 16 | Controller | 100 Pcs./Packet | 34 | Air Stone | Big |
| 17 | Carry Bag | Cotton Good Quality | 35 | Fish Tank Magnetic Aquarium cleaner | Rectangular |
| 18 | Portable battery air pump with battery | Model SB – 960 (with safety design) | 36 | Digital Temperature Meter | Good Quality |

**निविदा की शर्तें :–**

1. निविदादाताओं को दो अलग–2 मुहरबंद लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय बीड समर्पित करना आवश्यक है। अग्रधन की राशि तकनीकी बीड के साथ संलग्न किया जाएगा।
2. निविदादाताओं को बिक्री कर/GST अधिनियम के अन्तर्गत निबंधित होना आवश्यक है।
3. विगत दो वर्षों का आयकर रिर्टन/Current 03 माह का GST Return संलग्न करना आवश्यक है।
4. निविदादाता किसी भी केद्रीय/राज्य सरकार द्वारा Bankrupt एवं Black Listed नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र 10/– रू0 का Stamp Paper, Notary द्वारा सत्यापित कराते हुये जमा करना होगा।
5. निविदा के साथ अग्रधन के रूप में **मो0 10000.00 (दस हजार)** रू0 मात्र का डिमांड ड्राप्ट सहायक मत्स्य निदेशक, अनुसंधान राँची **(ASSISTANT DIRECTOR OF FISHERIES RESEARCH, RANCHI)** के नाम से जमा करना होगा।
6. किसी सरकारी उपक्रम/संस्थान में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र कम से कम एक वर्श का दस्तावेज संलग्न करें।
7. पूरक सामग्रियों की आपूर्त्ति राज्यादे । में प्राप्त भौतिक लक्ष्य के आधार पर संख्या निर्धारित करते हुये आपूर्तिकर्त्ता को आदेश निर्गत की जायेगी। कार्यालय आदेश निर्गत की तिथि से 21 दिनों के अन्दर निश्चित रूप से मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची में पहुँचाकर करनी होगी। परिवहन हेतु कोई भी अतिरिक्त राशि अलग से देय नहीं होगा।
8. निविदा **दिनांक 24.06.2025 को 11:30 बजे पूर्वाहन्** तक राँची के मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची के कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। निविदा **दिनांक 24.06.2025 को 11:30 बजे पूर्वाहन्** में सहायक मत्स्य निदेशक, अनुसंधान राँची के कार्यालय कक्ष में निविदाओं के निष्पादनार्थ गठित समिति के समक्ष खोला जाएगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।
9. आमांत्रित निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत, अस्वीकृत या रदद् करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
10. निविदादाताओं को ऊपर वर्णित (Group "A") में गोलाकार फाईबर टैंक का नमूना (Sample) एवं (Group "B") में सभी पूरक सामग्री का नमूना (Sample) निश्चित रूप से प्रस्तुत करने होंगे। नमूना प्रस्तुत नहीं करने पर उसका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**नोट : निविदा जमा का स्थान : मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची।**
**निविदा खोलने का समय : दिनांक 24.06.2025 को 11:30 बजे पूर्वाहन्**

ह 0/– सहायक मत्स्य निदेशक (अनु0)
मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, राँची।

PR.NO.355319 Fish(25-26):D

# रांची विश्वविद्यालय के एकेडमिक काउंसिल की बैठक में 12 एजेंडों पर लगी मुहर

### आरयू में फिजियोथेरेपी सहित कई नए विषयों की होगी पढ़ाई

**संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय में 12 एजेंडों पर मुहर लगी है। सोमवार को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में बीपीएड, एमपीएड, बीपीइएस और चार वर्षीय फिजियोथेरेपी जैसे नए कोर्सों की पढ़ाई शुरू करने की स्वीकृति दी गई। वहीं, छात्रों को नए वोकेशनल कोर्स की सुविधा मिलेगी। इस दौरान कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा सहित कई अधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

राज्य सरकार के निर्देश पर नई शिक्षा नीति के तहत रांची रांची विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों को कई रोजगारपरक नए पाठ्यक्रमों का विकल्प मिलेगा है। इन अब सभी पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े नौ क्रेडिट जोड़े जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को देश की सांस्कृतिक और वैचारिक विरासत की जानकारी मिल सके। इसके साथ ही क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा विभाग को अब मानविकी संकाय में शामिल कर दिया गया है। यह कदम विभागीय समन्वय और पाठ्यक्रम संचालन में एकरूपता लाने के लिए उठाया गया है।

इसके अलावा जेआईसीडी झारखंड इंस्टीट्यूट ऑफ क्राफ्ट एंड डिजाइन के तहत टेक्सटाइल एंड अपैरल डिजाइन, एक्सपीरियंस डिजाइन एंड प्रोडक्ट, आर्टिफिशियल डिजाइन-क्राफ्ट कल्चर, क्राफ्ट मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप जैसे व्यावसायिक कोर्स शुरू करने की मंजूरी भी मिली है।

वहीं, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार, के पत्र के आलोक में नई शिक्षा नीति- 2020 के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में इस सत्र से भारतीय ज्ञान परंपरा के 9 क्रेडिट को भी जोड़ा गया है। एलएलबी में वैकल्पिक विषय जुड़े रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत एलएलबी पार्ट-2 में सेमेस्टर-3 व सेमेसटर-4 में दो वैकल्पिक विषय जोड़े गए हैं। इनमें इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी को सेमेस्टर-3 में और साइबर लॉ को सेमेस्टर-4 में जोड़ा गया है। साथ ही, पेपर 6 में विधिक इतिहास के साथ सेमेस्टर-3 और सेमेस्टर- 4 में इंसोलवेंसी एंड बैंकरप्सी कोड- 2016 को जोड़ने की संस्तुति की गई है। इसके अलावा एलएलबी पार्ट-3 के सेमेस्टर-5 और सेमेस्टर-6 में भी दो वैकल्पिक विषय, जो संविधियों का निर्वचन के रूप में विद्यमान हैं, उसके साथ बीमा विधि, को पाठ्यकम में समाहित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। बीबीए एलएलबी के पूरे पाठ्यक्रम में पांच इंटर्नशिप का प्रावधान रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीटयूट ऑफ लीगल स्टडीज के निदेशक के इंटर्नशिप से संबंधित प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें बीबीए एलएलबी के पूरे पाठ्यक्रम के दौरान पांच इंटर्नशिप का प्रावधान है। इसमें बीबीए एलएलबी के सेमेस्टर 4 से सेमेस्टर होनेवाली इंटर्नशिप में 5 लॉ और एक प्रबंधन से इंटर्नशिप करनी होगी। साथ ही, बार कॉउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के अद्यतन परिनियम व यूजीसी नियमों के तहत तीन वर्षी एलएलबी के सेमेस्टर सिस्टम के परिनियम एवं पाठ्यक्रम में प्रस्तावित संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके तहत अकादमिक सत्र 2025-26 से तीन वर्षीय एलएलबी में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) प्रणाली लागू होगी। मानविकी संकाय में फिर शामिल हुआ टीआरएल रांची विश्वविद्यालय में नौ जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं का अलग-अलग विभाग बनने के बाद इसे मानविकी संकाय से अलग का क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा संकाय के अंतर्गत रखा गया। लेकिन, टीआरएल के शिक्षकों की मांग थी कि इसे दोबारा मानविकी संकाय में शामिल किया जाए। शिक्षकों की मांग के आलोक में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय को पुनः मानविकी संकाय में सम्मिलित करने संबंधी प्रस्ताव को एकेडेमिक काउंसिल ने स्वीकृति प्रदान की।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग में निबंधित सभी समुचित श्रेणी के संवेदकों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–1788(अनु०) दिनांक 28.05.2025 पी०आर०संख्या–353544 Building(25-26):D द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना निम्नवत पढ़ा जाय –

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name |
|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/11/2025-26 | Construction for the Extension of (G+5) Office Building at Jharkhand Public Service Commission, Ranchi |
| 2 | Last Date/Time of Submission of Bids | 23-06-2025 at 11.00 AM |
| 3 | Date/Time of Opening of Bid | 24-06-2025 at 11.00 AM |

पी०आर०संख्या–355153Building(25-26)_D द्वारा प्रकाशित शुद्धि पत्र को रद्द किया जाता है एवं अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 355203 Building(25-26).D

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी।**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**



दिनांक–08.04.25 को तोरपा थाना अन्तर्गत कुल्डा जंगल में एक अज्ञात महिला उम्र करीब–30 वर्ष का अधजला, अर्धनग्न भाव पाया गया है। जिसका पहचान नहीं हो पाया है। इस संबंध में तोरपा थाना काण्ड सं0 –30/25, दिनांक–08.04.25, धारा–103(1)/238 बी0एन0एस0 2023 काण्ड दर्ज किया गया है। जिसके पहचान/पता बताने वाले के लिए 10,000/– (दस हजार रूपये) का पुरस्कार राशि घोशित किया गया है

।अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त मृत अज्ञात महिला के बारे में पहचान/पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलम्ब सूचित करेंगें एवं सूचित करने वाले को 10,000/– (दस हजार रूपये) से पुरस्कृत किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी – 9431706116
थाना प्रभारी, तोरपा – 7903216078
डी0सी0बी0, शाखा, खूँटी– 8340655295

पुलिस अधीक्षक,
खूँटी।

PR.NO.355237 Police(25-26):D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## हमले से पस्त ईरान

सुनियोजित व ठोस खुफिया जानकारियों के साथ इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों व शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बड़े सधे हमले किए हैं। ईरान के नतान्ज स्थित मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशान बनाया गया। शुक्रवार की सुबह इस्राइल ने ह्यऑपरेशन राइजिंग लायनह्ल के जरिये वायु रक्षा प्रणाली व मिसाइलों को ध्वस्त करते हुए ईरान के हवाई क्षेत्र में सैकड़ों लड़ाकू जहाजों के जरिये भारी तबाही मचायी। इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया। लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए और शुक्रवार तड़के इन ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी। जिससे ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस्राइल ने ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों, सैन्य अधिकारियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों व प्रमुख लोगों पर लंबी तैयारी के बाद सटीक हमले किए। कई बड़े अधिकारियों को उनके घरों में ही मार दिया गया। दरअसल, इस्राइल का मानना था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब है। यहां तक कि परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करने वाली संस्था आईएईए ने स्पष्ट शब्दों में ईरान पर परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। हमले में सेना प्रमुख के अलावा ईरानी सेना की सबसे ताकतवर शाखा रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर हौसेन सलामी को भी मार डाला गया। हमले में न केवल यूरेनियम संवर्धन प्रतिष्ठान पर हमला किया गया, बल्कि कई परमाणु वैज्ञानिकों को भी मार दिया गया। ईरान ने इस्राइल पर नागरिक ठिकानों पर हमला करने के आरोप लगाए। उत्तर पूर्वी ईरान के अलावा नतांज परमाणु केंद्र पर भी धमाके सुने गए। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेताया है कि जब तक ईरान की ओर से खतरे की आशंका खत्म नहीं हो जाती, ये हमले आगे भी जारी रहेंगे। दरअसल, इस्राइल का मानना रहा है कि ईरान संवर्धित यूरेनियम से परमाणु हथियार बनाने के करीब है, जो उसके अस्तित्व के लिये चुनौती है। इस्राइल ने ईरान पर उसके क्षेत्र में सैकड़ों ड्रोन दागने के भी आरोप लगाये हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिका व इस्राइल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी मीडिया ने इस्लामिक रिवॉल्यूश्नरी गाड्र्स कोर के कमांडर इन चीफ हौसैन सलामी सहित पांच शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत की बात स्वीकारी है। साथ ही दो महत्वपूर्ण परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। दरअसल, ईरान अमेरिका व इस्राइल के दावों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये है। जबकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की दलील है कि ईरान की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वह संवर्धित यूरेनियम से जुड़े प्रश्नों के तार्किक जवाब नहीं दे पाया है। कहा जा रहा है कि ईरान के गुप्त परमाणु ठिकानों का पता चलने के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम की मंशा संदिग्ध बन गई है। उसने संवर्धित यूरेनियम भंडार के बारे में सटीक जानकारी भी नहीं दी। आईएईए की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान इतना यूरेनियम संवर्धित कर चुका है कि वह नौ परमाणु बना सकता है। हालांकि, अमेरिकी विदेश मंत्री इस हमले में अमेरिका की सीधी भूमिका होने से इनकार कर रहे हैं। लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इस्राइल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इस्राइल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

## तालिबानी मंसूबे

सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों को ट्रोल करने और धमकी देने की घटनाओं में हाल के दिनों में चिंताजनक स्तर तक तेजी आई है। लेकिन असहमति और विरोध की सीमा यदि जान लेने की हद तक जा पहुंचती है तो किसी सभ्य और लोकतांत्रिक समाज के लिये यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। कहीं न कहीं देश में कठोर नियामक व्यवस्था का न होना भी ऐसी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देता है। हालिया घटनाक्रम में बंठिडा की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी, जिन्हें कमल कौर भाभी के नाम से भी जाना जाता है, की निर्मम हत्या कर दी गई। यह हत्या हमें इस बात की याद दिलाती है कि कथित नैतिकता के नाम पर मोरल पुलिसिंग, जो कभी ऑनलाइन ट्रोलिंग तक सीमित थी, अब हिंसक आपराधिकता में बदल गई है। इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या को अंजाम देने वाला कथित मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरोन, कथित तौर पर कौम दे राखे नामक एक कट्टरपंथी समूह का प्रमुख बताया जाता है। जिसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर द्वारा प्रसारित की गई सामग्री को कथित तौर पर अनैतिक कृत्य के रूप में दर्शाते हुए हत्या को सही ठहराने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं, हत्याकांड के बाद संयुक्त अरब अमीरात भागने के बाद हत्या को सही ठहराते हुए, एक वीडियो को जारी करना, संकीर्ण मानसिकता का दुस्साहस ही दर्शाता है। निस्संदेह, यह मामला संकीर्णता के पोषक और कट्टरपंथी तत्वों की सोच से अलग नहीं है। यह उस दुराग्रही सोच की कड़ी का ही हिस्सा है, जो हिंसा और धमकियों के माध्यम से महिलाओं की अभिव्यक्ति पर सोशल पुलिसिंग के जरिये शिकंजा कसने की कोशिश में रहती है। गाहे-बगाहे देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग समूहों द्वारा ऐसे कृत्यों को अंजाम दिया जाता रहा है। पिछले दिनों बेंगलुरू में भी एक महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को केवल उसके पहनावे को अभद्र बताते हुए एसिड हमले की धमकी दी गई। इस धमकी भरे वीडियो के वायरल होने के बाद उस व्यक्ति को उसके नियोक्ता ने नौकरी से निकाल दिया। यह विडंबना ही है कि कभी ऐसे मामले पाकिस्तान व अफगानिस्तान में महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को लेकर सामने आते थे। अब भारत में कथित सांस्कृतिक शुचिता व नैतिकता के नाम पर ऐसे हमले किए जा रहे हैं। एक अन्य खतरनाक घटना में, एक लोकप्रिय यूट्यूब शो में दिखाई देने वाली एक डिजिटल निमार्ता अपूर्वा मुखीजा को बलात्कार और जान से मारने की ऑनलाइन धमकी दी गई। इस पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने हस्तक्षेप करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। निस्संदेह, इन घटनाक्रमों का पैटर्न स्पष्ट है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों, विशेष रूप से महिलाओं को कथित सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर तेजी से निशाना बनाया जा रहा है। सवाल उठता है कि उनके इन मूल्यों को कौन परिभाषित करता हैङ्घ और किसने उन्हें इस सतर्कता को लागू करने का अधिकार दियाङ्घ बठिंडा की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पंजाब महिला आयोग ने निंदा करके सही कदम उठाया है, लेकिन केवल आधिकारिक निंदा पर्याप्त नहीं है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे मामलों को सुनियोजित अपराधों के रूप में दर्ज करना चाहिए, जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को खतरा पहुंचाते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को भी इस दिशा में जिम्मेदारी उठानी चाहिए कि वे समय रहते सोशल मीडिया के दुरुपयोग रोकें व घृणास्पद सामग्री को अपने प्लेटफॉर्म से हटाएं। साथ ही सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखें। किसी भी लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी एक अपरिहार्य अंग है। निश्चित रूप से अभिव्यक्ति की आजादी की अपनी सीमाएं भी हैं। हालांकि, यह आजादी आलोचना से प्रतिरक्षा नहीं देती, लेकिन यदि आलोचना किसी की मयार्दा को नुकसान पहुंचाने या हत्या की धमकी में तब्दील होने लगे, तो शासन-प्रशासन को सख्त संदेश देना चाहिए। खासकर डिजिटल सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। विशेषकर जब डिजिटल निगरानी शारीरिक हिंसा में बदलने लगे। जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाना चाहिए।

# चारधाम यात्रा में मौत के उड़नखटोले!

**हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 7 लोग सवार थे, जिनमें एक 2 वर्ष का बच्चा भी था। इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई है। खराब मौसम के कारण यह हादसा गौरीकुंड और त्रिजुगीनारायण के मध्य गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुआ। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।**

**एडवोकेट डॉ श्रीगोपाल नारसन**

उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में 15 जून को तड़के एक हेलीकॉप्टर (उड़नखटोला) फिर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 7 लोग सवार थे, जिनमें एक 2 वर्ष का बच्चा भी था। इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई है। खराब मौसम के कारण यह हादसा गौरीकुंड और त्रिजुगीनारायण के मध्य गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुआ। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खराब मौसम के कारण दृश्यता कम होने की वजह से इस हादसे का होना माना जा रहा है। तत्काल राहत और बचाव दल भेजे गए। रास्ते में मौसम खराब होने के कारण अन्य स्थान पर हार्ड लैंडिंग करने से हेलीकाप्टर क्षतिग्रस्त हुआ है। इसी जून के पहले सप्ताह में भी एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण उसकी बीच सड़क पर इमरजेंसी लैंड कराना पड़ा था। यह हेलीकॉप्टर केदारनाथ धाम यात्रियों को लेकर जा रहा था। हेलीकॉ?टर में पांच यात्री, पायलट और सह-पायलट सवार थे।

इस दौरान सह-पायलट को मामूली चोटें आई थीं। यह हेलिकॉप्टर बड़ासु हेलीपैड से उड़ान भरने के तुरंत बाद आपातकालीन लैंडिंग करने पर मजबूर हुआ था। इस साल मई में केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद से छह सप्ताह में यह पांचवां हेलिकॉप्टर हादसा है। उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवा से केदारनाथ धाम में यात्रा करने वालों की संख्या हर साल लगभग 90 हजार से एक लाख श्रद्धालुओं की है। प्रतिदिन लगभग 1500 श्रद्धालु हेलीकॉप्टर से केदारनाथ दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मौजूदा समय में हेलीकॉप्टर की उड़ान कम होने और कुछ एजेंसियों को सस्पेंड किए जाने के बाद टिकट रद्द भी किए जा रहे हैं। टिकट रद्द के बाद श्रद्धालुओं को उनके पैसे वापस करने होंगे। अपनी व्यवस्थाओं से चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को लेकर मायूसी है। उत्तराखंड सरकार ने 15 जून के इस हादसे के बाद उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवाओं को अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव इन दुर्घटनाओं को लेकर बैठक भी कर रहे है।उत्तराखंड में 7 जून को 253 हेलीकॉप्टर शटल सेवा चली, जिसमें 1404 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ तक का सफर तय किया। 8 जून को 208 हेलीकॉप्टर शटल सेवा चली, जिसमें 1161 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ तक का सफर तय किया। 9 जून को हेलीकॉप्टर 186 शटल सेवा चली जिसमें 1043 भक्तों ने बैठकर केदारनाथ के दर्शन किए। 10 जून को मात्र 143 उड़ान केदारनाथ के लिए भरी गई। इसमें 741 श्रद्धालुओं ने सफर किया। 11 जून व 12 जून को केदारनाथ धाम में मौसम खराब होने के कारण कुछ ही हेलीकॉप्टर सुबह उड़ पाए। वास्तविकता यह है कि हेलीकॉप्टर उड़ान के दौरान अब इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा कि कहीं अत्यधिक वजन ढोने, कम निचाई पर हेलीकॉप्टर की उड़ान और एक के बाद एक उड़ान भरने के साथ-साथ दूसरी कोई लापरवाही तो नहीं बरती जा रही है। हेलीकॉप्टर के इंजन को आराम मिल सके, साथ ही पायलट को भी बीच में अच्छा खासा ब्रेक मिले, इस बात को भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। उत्तराखंड चारधाम यात्रा के दौरान पिछले दिनों हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं के बाद डीजीसीए ने हेली संचालन से संबंधित कुछ पाबंदी लगाई हैं। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ रही है। चारधाम यात्रा में खासकर केदारनाथ धाम में हेली सर्विस के माध्यम से लगातार श्रद्धालु केदारनाथ के दर्शन कर रहे हैं। हेलीकॉप्टर का सबसे ज्यादा संचालन केदारनाथ धाम के लिए ही हो रहा है। लेकिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं में इजाफा होने से सरकार और श्रद्धालु दोनों चिंतित है।

बीती 8 मई 2025 को उत्तरकाशी के गंगनानी के पास हेलीकॉप्टर क्रैश में 6 लोगों की मौत हुई। इस साल की इस यात्रा के दौरान 30 दिनों के भीतर चार हेलीकॉप्टर हादसों में 13 लोगों की जान और करोड़ों रुपये के हेलीकॉप्टर क्षतिग्रस्त हो गए है। पर्यटन नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने भी इस बात की पुष्टि की है कि डीजीसीए हेली सर्विस पर रिव्यू कर रहा है। इस रिव्यू के तहत कई तरह की रोक व पाबंदियां भी चारधाम यात्रा पर चल रही हैं। केदारनाथ के लिए उड़ने वाली हेलीकॉप्टर सेवा को रेग्युलेट भी किया गया है। हादसे से पहले एक घंटे में यात्रियों को लेकर हेलीकॉप्टर 25 से 30 बार उड़ा करते थे, यह उड़ान तीन अलग-अलग जगह से होती थी। लेकिन अब अब मात्र 1 घंटे में 9 से 10 उड़ान भरी जा रही हैं। डीजीसीए ने यह भी साफ किया है कि जिस हेलीकॉप्टर में छह सवारियां यात्रा कर रही थी, उन हेलीकॉप्टर में अब सिर्फ 3 से 4 सवारियां ही यात्रा कर पाएंगी।

इसके साथ ही वजन और मौसम का भी ध्यान रखा जाएगा। साथ ही मौसम जरा भी खराब होता है तो कोई भी हेली एजेंसी हेली के संचालन को लेकर दबाव नहीं बनाएगी। डीजीसीए हर एक उड़ान और एविएशन की सारी एक्टिविटी पर नजर रख रहा है। ताकि इस रिव्यू को बेहतर तरीके से किया जा सके और आगे का फैसला लिया जा सके। लेकिन इन पाबंदियों के बावजूद खराब मौसम में हेलीकॉप्टर ने 15 जून की सुबह उड़ान भरी जो दुर्घटना का कारण बन गई और 7 जिंदगियां खत्म हो गईं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भविष्य बताने वाले, वर्तमान से बेखबर?

**हर गली-मोहल्ले में कोई न कोई ब्रांड है। किसी की टैगलाइन है भाग्य बदलिए, तो कोई कहता है समस्या का समाधान सिर्फ 7 दिन में। कुछ तो ऐसे हैं जो स्वयं को 'ईश्वर का अवतार' घोषित कर चुके हैं। लेकिन जब देश में कोई आपदा आती है, तो ये सब 'अवतार' अंडरग्राउंड हो जाते हैं। इनके आश्रमों में सन्नाटा छा जाता है और प्रवचन मंचों पर 'प्रेस नोट' चस्पा कर दिया जाता है-₹बाबा जी ध्यान साधना में हैं, कृपया किसी अन्य समय संपर्क करें। विचार कीजिए, यदि ये लोग सचमुच संकट पूवार्नुमानित कर सकते है**

**प्रियंका सौरभ**

जब भी आपदा आती है भविष्य बांचने वाले ऑफलाइन मिलते हैं। कई तो यह तक दावा करते हैं कि उनका 'ऊपर वाले से सीधा संपर्क' है। ऐसे देववाचक भी हर बड़ी आपदा, दुर्घटना या संकट के समय चुप क्यों हो जाते हैं? यह बड़ा सवाल इसलिए है कि क्या उनका दिव्य नेटवर्क केवल चढ़ावे और चमत्कार तक सीमित है? सवाल यह भी है कि इनका नेटवर्क अचानक उस समय क्यों डाउन हो जाता है जब कोई भयंकर आपदा, ट्रेन हादसा, प्लेन क्रैश, या भूकंप आता है? तकनीक प्रौद्योगिकी का जमाना है तो सवाल उठना लाजिमी है कि क्या इनकी ज्योतिषीय सेटिंग में कोई सर्वर एरर आ जाता है? या फिर 'अदृश्य शक्ति' भी सावधानी का बोर्ड लगाकर छुट्टी पर चली जाती है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है। अब जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियां या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं। मगर वह बाबा नजर नहीं आते जिनका दावा होता है कि वे भविष्य देख सकते हैं या ईश्वर से सीधी बातचीत कर सकते हैं। यह वही लोग हैं जो टीवी पर, मंचों पर और यूट्यूब लाइव में हजारों लोगों के सामने आंखें मूंदकर बड़े भावुक अंदाज में कहते हैं- ₹बेटा, तेरा समय बदलने वाला है₹, ₹तू अगले जन्म में साधु बनेगा₹, या ₹तेरे कुल में बहुत बड़ा संत हुआ था₹। लेकिन जब देश के किसी कोने में कोई बच्चा बोरवेल में गिरता है, जब प्लेन क्रैश होता है, जब कोई महामारी फैलती है-तो ये भविष्यवक्ता नदारद होते हैं।

सवाल यह उठता है कि यदि इनके पास सचमुच कोई 'दिव्य दृष्टि' है तो वो सार्वजनिक हित में क्यों नहीं लगाई जाती? क्या इनकी चेतना सिर्फ 'प्रेम विवाह के उपाय', 'दुश्मन को वश में करने की विधि' या 'विदेश यात्रा कब होगी' जैसे प्रश्नों तक ही सीमित है? क्या ईश्वर से सीधा संपर्क रखने वाले लोगों की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वे देश, समाज और मानवता के हित में समय रहते चेतावनी दें?

हाल ही में एक वायरल टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी- ₹इतने बड़े-बड़े भविष्य वक्ता, ऊपर वाले से सीधा संपर्क... फिर भी किसी बड़े हादसे की खबर तक नहीं मिलती!₹ यह वाक्य जितना सरल है, उतना ही तीव्र और तर्कपूर्ण भी है। क्योंकि यह धार्मिक चमत्कारों की उस 'औद्योगिक प्रणाली' पर सवाल खड़ा करता है जो लोगों की भावनाओं को भुनाकर अरबों का कारोबार करती है।

आजकल हर गली-मोहल्ले में कोई न कोई ब्रांड है। किसी की टैगलाइन है ₹भाग्य बदलिए₹, तो कोई कहता है ₹समस्या का समाधान सिर्फ 7 दिन में₹। कुछ तो ऐसे हैं जो स्वयं को 'ईश्वर का अवतार' घोषित कर चुके हैं। लेकिन जब देश में कोई आपदा आती है, तो ये सब 'अवतार' अंडरग्राउंड हो जाते हैं। इनके आश्रमों में सन्नाटा छा जाता है और प्रवचन मंचों पर 'प्रेस नोट' चस्पा कर दिया जाता है-₹बाबा जी ध्यान साधना में हैं, कृपया किसी अन्य समय संपर्क करें। विचार कीजिए, यदि ये लोग सचमुच संकट पूवार्नुमानित कर सकते हैं, तो क्यों नहीं एनडीआरएफ या प्रधानमंत्री कार्यालय को पहले से सूचित कर देते? क्यों नहीं आपदा प्रबंधन में इनका कोई उल्लेख होता है? कारण स्पष्ट है-इनकी 'भविष्यवाणी' एक मार्केटिंग उत्पाद है, एक प्रकार की 'भावनात्मक ज्योतिषीय फैंटेसी', जिसे धार्मिक आस्था की चादर में लपेटकर बेचा जा रहा है।

दुख की बात यह है कि यह लोग आमजन की पीड़ा और अज्ञान का लाभ उठाकर एक ऐसा मायाजाल बुनते हैं जिसमें न तर्क है, न पारदर्शिता। इनकी भविष्यवाणी 'जेनरिक' होती है-₹अगले 6 महीने बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे₹, ₹देश में बड़ी घटना होने वाली है₹, ₹भूकंप या महामारी की संभावना है₹। अब जरा सोचिए, ये तो किसी भी समय पर लागू किया जा सकता है। यह 'वाटरप्रूफ' भविष्यवाणी होती है-गलत हुई तो कहा जाएगा 'तुम्हारी श्रद्धा कम थी', सही हुई तो 'देखा, बाबा ने पहले ही बताया था'!

बाजार ने भी इनकी दुकानदारी को बढ़ावा दिया है। टीवी चैनलों से लेकर सोशल मीडिया तक, हर जगह इनका बोलबाला है। इनके प्रवचन में भक्ति कम, ब्रांडिंग अधिक होती है। कोई यू-ट्यूब पर लाइव भविष्यवाणी करता है। कोई इंस्टाग्राम पर ध्यान सत्र लेता है। इनके पास एचडी कैमरे, माइक सेटअप, वीडियो एडिटर तो हैं पर जब देश को 'दिव्य चेतावनी' चाहिए होती है, तब इनका नेटवर्क फेल हो जाता है।

यह विडंबना नहीं, त्रासदी है कि भारत जैसे देश में जहां विज्ञान, तकनीक और आपदा प्रबंधन की व्यापक जरूरत है, वहां संकट की घड़ी में लोग अब भी किसी ऐसे चमत्कारी की 'फेसबुक लाइव' पर आश्वासन खोजते हैं। यह एक गहरी सामाजिक असुरक्षा और वैज्ञानिक सोच की कमी का परिचायक है। यहीं पर जिम्मेदारी बनती है सरकारों, शिक्षकों और सामाजिक संस्थानों की। धर्म आस्था का विषय है, लेकिन जब वह वैज्ञानिक विवेक, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता से दूर जाकर एक 'कॉरपोरेट माया' बन जाए, तो उसके खिलाफ खड़ा होना जरूरी है। यह कोई धर्म-विरोध नहीं, बल्कि अंधविश्वास-विरोध है।

भविष्यवाणी की आड़ में जो व्यावसायिक ढांचा खड़ा हुआ है, वह न केवल जन-संवेदनाओं से खिलवाड़ करता है, बल्कि आपदा के समय नागरिकों को दिग्भ्रमित भी करता है। जब किसी नदी में बाढ़ आती है, तो एनडीएमए और मौसम विज्ञान विभाग तो चेतावनी जारी करते हैं, लेकिन यह लोग चुप रहते हैं। जब ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होती है, तब न तो किसी ज्योतिषी का वीडियो वायरल होता है, न ही कोई 'भविष्यवक्ता' ग्रीन रूम से बाहर आता है।

सवाल यह भी है कि इनका 'सीधा संपर्क' किससे है? क्या वह संपर्क केवल उन्हीं दिनों काम करता है जब 'दस लाख का यज्ञ', 'एक करोड़ का चढ़ावा', या 'विशेष पूजा' आयोजित की जाती है? क्या ईश्वर को संपर्क में लाने के लिए भी 'डेटा पैक' रिचार्ज कराना पड़ता है? यह कटाक्ष नहीं, कटु सत्य है कि धार्मिक विश्वास अब एक टेलीकॉम योजना जैसा हो गया है-'पैसा दो, नेटवर्क भरोसेमंद होगा'।

एक आम नागरिक के नजरिए से देखें, तो यह धोखा है। क्योंकि जब जनता किसी संकट में होती है, तब उसे सही, सटीक, और वैज्ञानिक जानकारी चाहिए होती है, न कि दाढ़ी वाले किसी स्वयंभू के प्रवचन। इस पूरे परिदृश्य में कुछ संतुलित, विद्वान और सच्चे अध्यात्मविद् अपवाद हो सकते हैं, जो वास्तव में समाज सेवा और आत्मकल्याण की बात करते हैं। लेकिन बहुसंख्यक मंचों पर जो चल रहा है, वह एक भविष्य बेचने का उद्योग है-जिसमें भविष्य के नाम पर वर्तमान की चेतना को शिथिल किया जा रहा है।

अब समय है कि हम इस भविष्यवाणी तंत्र की पड़ताल करें। सरकारों को ऐसे फर्जी दावों पर निगरानी रखनी चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तर्कशीलता को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। मीडिया को भी यह समझना चाहिए कि टीआरपी के चक्कर में वे किस तरह जनता को एक अंधकारमय राह पर ले जा रहे हैं।

यह भी जरूरी है कि हम, आप, सब अब सवाल करना सीखें। अगली बार जब कोई बाबा मंच से यह कहे कि ₹अगले महीने बड़ी घटना घटेगी₹, तो उनसे पूछें-₹क्या, कब, कहां, कैसे?₹ यदि उनके पास उत्तर नहीं है, तो उनका भविष्य नहीं, आपकी जागरूकता उनका अंत तय करेगी। वरना यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा। आपदा आती रहेगी, जनता मरती रहेगी।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# 21 जून को मनाई जाएगी योगिनी एकादशी

सनातन धर्म में एकादशी तिथि को बेहद शुभ माना गया है। हर महीने में 2 बार एकादशी व्रत किया जाता है। एक कृष्ण और दूसरा शुक्ल पक्ष में। धार्मिक मान्यता है कि एकादशी तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा करने से जातक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी मुरादें पूरी होती हैं। जुलाई के महीने में योगिनी एकादशी और देवशयनी एकादशी पड़ेगी। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि जगत के नाथ भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन योगिनी एकादशी मनाई जाती है। 21 जून को योगिनी एकादशी है। धर्म शास्त्रों के अनुसार, योगिनी एकादशी व्रत करने से 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है। योगिनी एकादशी का दिन पूर्ण रूप से भगवान विष्णु की उपासना के लिए समर्पित होता है। योगिनी एकादशी पर वैष्णव समाज के लोग व्रत रख विधि-विधान से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करते हैं। साथ ही शुभ कार्यों में सिद्धि पाने के लिए विशेष उपाय भी करते हैं। भगवान विष्णु की कृपा से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार सच्चे मन से एकादशी व्रत करने से जीवन में कभी भी धन की कमी का सामना नहीं करना पड़ता है। इसलिए कहा जाता है कि लोगों को यह व्रत जरूर रखना चाहिए।

ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि साल में 24 एकादशी के व्रत रखे जाते हैं। यह सभी भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन उनकी पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती हैं। ऐसे में कुछ लोग निर्जला उपवास भी रखते हैं, जो बेहद कठिन होता है। इस दिन को लेकर मान्यता है कि जो भी एकादशी का व्रत रखता है, उसपर भगवान विष्णु के साथ-साथ मां लक्ष्मी की कृपा भी बनी रहती है। ऐसे में आषाढ़ माह में आने वाली योगिनी एकादशी का महत्व अधिक बढ़ जाता है। आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी को योगिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस बार 21 जून के दिन ये व्रत रखा जाएगा। मान्यता है कि योगिनी एकादशी के दिन विष्णु जी की पूजा-अर्चना करने पर पापों से मुक्ति मिलती हैं।

### योगिनी एकादशी

ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार आषाढ़ कृष्ण एकादशी तिथि 21 जून को सुबह 7.19 बजे शुरू होगी और 22 जून को सुबह 4.28 बजे समाप्त होगी। ऐसे में योगिनी एकादशी का व्रत 21 जून 2025 को ही रखा जाएगा। वहीं योगिनी एकादशी का पारण 22 जून को होगा। योगिनी एकादशी व्रत के पारण का शुभ मुहूर्त 22 जून को दोपहर 1.47 बजे से शाम 4.35 बजे के बीच है। पारण तिथि पर हरि वासर समाप्त होने का समय सुबह 9.41 बजे है।

## टिप्स

### अंजीर को भिगोकर खाने से मिलते ज्यादा फायदे

आयुर्वेद में अंजीर को गुणों का खजाना माना जाता है। अंजीर सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होता है। वहीं यह सभी पोषक तत्व बीमारियों से बचने में सहायता करता है। आयुर्वेद के हिसाब से भिगोए हुए अंजीर का सेवन करने से शरीर की गंदगी साफ होती है। कब्ज की समस्या से राहत मिलती है और एनर्जी बढ़ती है। वहीं रोजाना अंजीर का सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती है और स्किन में ग्लो भी आता है।जब आप अंजीर पानी में भिगोकर खाते हैं, तो इसके फायदे भी अधिक बढ़ जाते हैं। वहीं इसके फायदे को दोगुना करना चाहते हैं, तो इसको दूध में भिगोकर खा सकते हैं। दूध में अंजीर भिगोकर खाने से शरीर को अधिक पोषण मिलता है। क्योंकि दूध में प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन डी पाया जाता है। जोकि हमारी हड्डियों और दांतों के लिए बहुत जरूरी है। तो आइए जानते हैं अंजीर भिगोकर खाने से शरीर को क्या-क्या फायदे मिलते हैं।

**अंजीर खाने से मिलने वाले फायदे**

अंजीर में मौजूद फाइबर और छोटे बीज आंतों की सफाई में सहायता करता है। इसको रातभर दूध में भिगाकर खाने से कब्ज और अपच की समस्या दूर होती है। अंजीर में मौजूद फाइबर मल को नरम बनाता है और आंतों के स्वस्थ काजकाम को बढ़ावा देता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# नशे की लत केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक समस्या है : डॉ. रणजीत

संवाददाता

**साहिबगंज :** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड रांची के निदेर्शानुसार, 10 जून से 26 जून 2025 तक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत जिला प्रशासन साहेबगंज एवं जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर आधारित एक युवा संगोष्ठी का आयोजन मॉडल कॉलेज, राजमहल में किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह के संरक्षण व अध्यक्षता में हुआ।



संगोष्ठी के माध्यम से छात्रों, अभिभावकों शिक्षकों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों, मानसिक व सामाजिक दुष्परिणामों और उनके रोकथाम हेतु कानूनी जानकारी से अवगत कराया जिसमें विशेषज्ञों एवं वक्ताओं द्वारा सिगरेट सहित अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं धारा 4, धारा 5, धारा 6 क और 6 ख की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कैसे यह अधिनियम सार्वजनिक स्थलों पर तम्बाकू सेवन को प्रतिबंधित करता है और इसका उल्लंघन दंडनीय है।प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नशे की लत केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक समस्या है। इससे न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है।बल्कि परिवार और समाज भी संकट में पड़ते हैं। उन्होंने सभी छात्रों, शिक्षकों अभिभावकों से नशा न करने का संकल्प दिलवाया। जबकि प्रतिभागियों ने ह्लनशा मुक्त भारतह्व के निर्माण का संकल्प लिया एवं समाज में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी निभाने का वचन भी दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जागरूक कर उन्हें नशा मुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनाना था। इस कार्यक्रम में डॉ. विवेक कुमार महतो, प्रधानाध्यापक अंकिता सिंह, मोहन कुमार, सुमित, अकेश कुमार, तनु कुमारी, रोशनी कुमारी, सोनू कुमार शर्मा समेत महाविद्यालय के शिक्षकगण, सैकड़ों विद्यार्थी एवं इको क्लब के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

## ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज:** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के साक्षरता मोड़ के समक्ष एक ट्रक की चपेट में आने से चानन निवासी संजय रविदास का 10 वर्षीय पुत्र राजवीर एवं ईश्वर शर्मा का 30 वर्षीय पुत्र अजय शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय व स्वजनों की मदद से उसे तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। घायल अजय ने बताया कि साइकिल पर सवार होकर राजवीर के साथ गैस गोदाम जा रहे थे ।इसी दौरान साक्षरता मोड़ के पास एक ट्रक मोड पर ही टक्कर मार दिया जिससे साइकिल का संतुलन बिगड़ गया और हम लोग गिर गया ।हम दोनों की जान बाल बाल बच गई नहीं तो ट्रक के छक्के के नीचे आ जाते हैं। राजवीर के पैर पर गंभीर चोट लगी है और अजय के पूरे शरीर में चोट लगी है दोनों का इलाज सदर अस्पताल में डाक्टर की देखरेख में चल रहा है। इधर जिरवाबाडी पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए ट्रक व चालक को अपने हिरासत में ले लिया।

# 35 दीदियों को प्रशिक्षण दिया जाना है प्रशिक्षु मिलन

संवाददाता

**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 13 दिवसीय जेनरल एडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम और एलुमिनी मीट पूर्व प्रशिक्षु मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अग्रणी बैंक के प्रबन्धक सुधीर कुमार,आसेटी के वरीय प्रशिक्षक राजहंस कुमार व उपेंद्र गोप ने संयुक्त रूप स्वागत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड आजीविका सखी गांव की दीदियों को रोजगार से जोड़ने और उन्हें छोटे छोटे दुकान के साथ साथ साथ बड़े व्यापारी बनने के गुण




सीखाना व बचत की आदत को डालने के लिए प्रेरित किया जाना है !कार्यक्रम में जेएसएलपीएस साहिबगंज की कुल 35 दीदियों को प्रशिक्षण दिया जाना है। जो जिले के राजमहल,बरहरवा पतना,बोरियों राजमहल बरहेट मंडरो एवं तालझारी के विभिन्न प्रखंडों से आए प्रशिक्षु उपस्थित हैं। यह कार्यक्रम 13 दिनों तक जारी रहेगी।साथ ही पूर्व प्रशिक्षु मिलन कार्यक्रम में अपने अपने हुनर के बारे मे बताए,जिसमें सिलाई,कॉस्ट्यूम ज्वेलरी,जेनरल एडीपी,इत्यादि प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षु ने अपने एक्सपीरियंस शेयर किए !मौके पर रीता देवी, रीता चौधरी लक्ष्मी, रेखा, ममता, मीरा और आरसेटी के सहायक रंजीत कुमार ठाकुर,आकाश कुमार एवं तौफीक आलम सुरेन्द्र कुमार मुर्मू आदि उपस्थित थे।

# अंडर 15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए जिले से 08 खिलाड़ी नागपुर रवाना

### 20 से 22 जून तक महाराष्ट्र के नागपुर शहर में आयोजित अंडर 15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगें

संवाददाता

**साहिबगंज :** भारतीय कुश्ती संघ एवं महाराष्ट्र कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 20 मई से 22 जून,2025 तक महाराष्ट्र के नागपुर शहर में आयोजित अंडर 15 जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए जिले के फूलों झानो इनडोर स्टेडियम, साहेबगंज में संचालित खेलो इंडिया कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु सीमा




हेम्ब्रम ,श्रुति कुमारी ,वैष्णवी कुमारी ,राहुल कुमार ,सुधांशु पंडित ,बल्लब कु० चौधरी, कुणाल कुमार ,राजू यादव का चयन झारखंड टीम में किया गया है। वही राज्य टीम का प्रशिक्षक प्रकाश सिंह बादल एवं जिले के सभी खिलाड़ी नागपुर के लिए रवाना हो गए। उपायुक्त श्री हेमंत सती ने गोपनीय कार्यालय में सभी खिलाड़ियों को शुभकामना दी । जिले से चयनित खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा,सचिव जिला कुश्ती संघ नमिता कुमारी, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, गौतम झा,गौरव झा समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभकामना दी ।

# हजारीबाग में बनेगा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सरकार को प्रस्ताव भेजने की तैयारी

### राज्य का होगा तीसरा कॉम्प्लेक्स

संवाददाता

**हजारीबाग:** राज्य सरकार हजारीबाग के खिलाड़ियों को एक बड़ी सौगात देने की तैयारी में लगी हुई है. हजारीबाग में बहुत जल्द ही मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. कर्जन ग्राउंड को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स डेवलप किया जाएगा. इस बात की जानकारी खेल निदेशक संदीप कुमार ने दी है.

**मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को लेकर तैयार किया गया प्रस्ताव**

हजारीबाग खेल के क्षेत्र में बेहतर कर रहा है. कम संसाधन होने के बावजूद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यहां के खिलाड़ी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं. राज्य सरकार




चाहती है कि हजारीबाग के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा दी जाए. इसे देखते हुए हजारीबाग कर्जन ग्राउंड को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स डेवलप करने का प्रस्ताव बनाया गया है और बहुत जल्द इसे पेश भी किया जाएगा.

**प्रमंडल स्तर के खिलाड़ियों को भी मिलेगा फायदा: खेल निदेशक**

कर्जन ग्राउंड में सिंथेटिक ट्रैक और फुटबॉल ग्राउंड बनाने की योजना है. इस बात की जानकारी खेल निदेशक संदीप ने दी है. उन्होंने बताया कि हजारीबाग आवासीय खेल छात्रावास की छात्राएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज की है. सरकार चाहती है कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाए. इसे लेकर डे बोर्डिंग सुविधा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया जाएगा. इसका लाभ हजारीबाग ही नहीं पूरे प्रमंडल स्तर के खिलाड़ियों को मिलेगा.

मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स डेवलप करने की बात को लेकर हजारीबाग के खेल प्रेमियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है. खासकर के फुटबॉल प्रेमी इस बात को लेकर खुश है कि उन्हें बेहतर ग्राउंड मिलेगा. जिला ने बेहतर खिलाड़ी देश को दिया है. जब बेहतर ग्राउंड उपलब्ध हो जाएगा तो प्रैक्टिस भी अच्छी होगी.

**राज्य का होगा तीसरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स**

फुटबॉल कोच भैया मुरारी सिन्हा ने अपनी बातों को साझा करते हुए कहा कि सरकार के प्रयास से खिलाड़ियों को बेहतर माहौल मिलने जा रहा है. हजारीबाग में अगर मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार हो जाएगा तो यह राज्य का तीसरा कॉम्प्लेक्स होगा. पहला रांची दूसरा गिरिडीह में बनाने को लेकर सरकार के पास प्रस्ताव गया है और तीसरा हजारीबाग में होगा.

# जिरवाबाड़ी पुलिस ने बाल श्रमिक को कराया मुक्त



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना अंतर्गत श्रम अधीक्षक धीरेंद्र महतो के नेतृत्व में मंथन संस्था एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के सहयोग से सदर प्रखंड अंतर्गत एक बाल श्रमिक बच्चे को श्रम मुक्त कराया गया।मंगलवार को धावा दल टीम गठित कर साहिबगंज के पश्चिमी फाटक में समीप जिरवाबाड़ी पुलिस की मद्द से छापेमारी अभियान चलाया गया।उस दौरान हटिया के मुख पथ पर मौजूद जनता गेराज में मोटरसाइकिल रिपेरिंग करते एक बाल श्रमिक को जिरवाबाड़ी पुलिस की मद्द से पकड़ा जिसके बाद रेस्क्यू किए गए बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।जिसके बाद नाबालिके के माता पिता को सूचित कर बाल कल्याण समिति के समक्ष बुलाया गया और बांड भरवा कर बच्चे को उन्हें को सुपुर्द कर दिया गया। नियोजक पर कड़ी कार्रवाई करते हुए श्रम अधीक्षक द्वारा एफआईआर दर्ज किया गया।वहीं पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वह बीते दिनों सेंट्रल स्कूल में पढ़ाई करता था लेकिन उनके पिता की मृत्यु के बाद आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई और उसका दाखिला घर वालों ने तालाब स्कूल में करवा दिया।वही मौके पर गिरीश चंद्र,अमन वर्मा,मोहम्मद इकबाल,राधे श्याम आदि मौजूद रहे।

# सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करें : विधायक



संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सकरीगली स्थित बंदरगाह का निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदरगाह के विकास कार्यों का जानकारी ली।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करें।इस दौरान उन्होंने सकरीगली समदा सीज का निरीक्षण कर ग्रामीणों से वहां की वर्तमान स्थिति और समस्याओं की जानकारी ली।वही ग्रामीणों ने विधायक को क्षेत्र में हो रही पानी की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि कई बार इस संबंध में अधिकारी को बताया गया लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ.इस संबंध मे विधायक ने अधिकारियों को सकरीगली मे पानी की किल्लत को दुरुस्त करने का निर्देश दिया.विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेगा.मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारी के अलावा विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ,राजद के जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव,समाजसेवी रणधीर प्रसाद चौरसिया कांग्रेस नेता रंजीत यादव,अनिल यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# देवघर में 108 एंबुलेंस सेवा ठप कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

संवाददाता

**देवघर :** विभिन्न मांगों को लेकर जिले के एंबुलेंस कर्मचारियों ने काम ठप कर दिया है. सरकार और विभाग की नीतियों के खिलाफ 108 एंबुलेंस के कर्मचारी सदर अस्पताल परिसर में धरने पर बैठ गए हैं. इस कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

इस संबंध में धरने पर बैठे 108 एंबुलेंस चालक मुकेश पंडित ने कहा कि पिछले चार महीने से काम करने के बावजूद ना तो उन्हें वेतन दिया जा रहा है और ना ही उन्हें अब तक ज्वाइनिंग लेटर दिया गया है. उन्होंने ने कहा कि सम्मान फाउंडेशन कंपनी के द्वारा उन लोगों को एंबुलेंस चालक के रूप में नियुक्त किया गया था. फरवरी 2025 में उनके साथ कई एंबुलेंस चालकों ने नई कंपनी के



साथ काम शुरू किया था, लेकिन अभी तक उन्हें वेतन नहीं मिला है. धरना पर बैठे एंबुलेंस चालकों ने बताया कि सम्मान फाउंडेशन को फरवरी महीने से राज्य सरकार की तरफ से 108 एंबुलेंस की जिम्मेदारी दी गई है. लेकिन जब से इस कंपनी ने जिम्मेदारी ली है, तब से एंबुलेंस चालकों का वेतन अनियमित हो गया है. किसी भी चालक को ना तो ग्रेच्युटी मिल रही है और ना ही पीएफ के पैसे कट रहे हैं.

देवघर जिले में करीब 25 की संख्या 108 एंबुलेंस हैं, जिसमें करीब 105 कर्मचारी काम कर रहे हैं. वेतन नहीं मिलने से सभी कर्मचारियों की माली हालत खराब होती जा रही है. जिसको देखते हुए एंबुलेंस चालकों ने सदर अस्पताल के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है.

आपको बता दें कि सरकार के द्वारा 108 एंबुलेंस की जिम्मेदारी वर्तमान में सम्मान फाउंडेशन नाम की कंपनी को दी गई है. इसके पूर्व की कंपनी के पास भी कर्मचारियों का पैसा बकाया है. कंपनी के खिलाफ आक्रोश जाहिर करते हुए 108 एंबुलेंस चालकों ने बताया कि यदि जल्द से जल्द उनका बकाया पैसा और बकाया वेतन नहीं दिया जाता है तो वे लोग उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे. इधर, 108 एंबुलेंस की सेवा बंद होने से मरीजों को निजी एंबुलेंस सेवा पर निर्भर रहना पड़ा.

सदर अस्पताल में धरना पर बैठे कर्मचारियों और एंबुलेंस चालकों ने कहा कि उनकी समस्या को देखते हुए राज्य सरकार कोई ठोस कदम उठाए, ताकि कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों की मांग को पूरा करने के लिए संज्ञान लें.

## न्यूज IN ब्रीफ

### जानी मियां को जिरवाबाडी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**साहिबगंज:** कई मामलों में संलिप्त अपराधी छोटी कोदरजन्ना निवासी जानी मियां को जिरवाबाडी पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। जिरवाबाडी थाना में दर्ज किसी मामले में जिरवाबाडी पुलिस लगातार जानी मियां की तलाश कर रही थी। इसी दौरान जिरवाबाडी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि जानी मियां छोटी कोदरजन्ना में देखा गया है सूचना के आलोक में जिरवाबाडी पुलिस की टीम ने छापेमारी करते हुए जानी मियां को गिरफ्तार किया है।

### मुंशी प्रेमचंद जयंती पर विचार गोष्ठी



**साहिबगंज:** नगर के अनंत कुमार सरस्वती सदन महाजन पट्टी की वार्षिक बैठक पुस्तकालय परिसर में प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई!जिसमें मुंशी प्रेमचंद जयंती 31 जुलाई 25 दिन गुरुवार को आयोजित करने का निर्णय लिया गया।इस बैठक में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाऐगा.जिसका विषय श्प्रेमचंद की रचनाओं में मजदूर रखा गया है।इसका कार्यक्रम संयोजक संजय शर्मा को बनाया गया.इस बैठक में ललित स्वदेशी, राजेश चिरानिया,नरेश पोद्दार,सुरेश निर्मल,संजय खेमका,रवि भगत आदि सदस्य उपस्थित थे.

### पति, सौतन और सास ने मिलकर महिला के साथ की मारपीट, थाना में शिकायत

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज सिंहटोला में एक महिला ने अपने पति, उसकी दूसरी पत्नी और सास पर गंभीर मारपीट और जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस से इंसाफ और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।शिकायतकर्ता संध्या देवी, पति धनंजय मंडल उर्फ झंटु मंडल, ने पुलिस को दिए अपने आवेदन में बताया कि बीते गुरुवार को दोपहर करीब 11 बजे वे खेत से मजदूरी कर घर लौटी थीं।तो उन्होंने देखा कि उनका बेटा अर्जुन मंडल स्कूल नहीं गया था।और खेलकूद कर रहा था। इस पर उन्होंने अपने बेटे को डांट-फटकार लगाई। इसी बात पर उनके पति धनंजय मंडल ने उन्हें अश्लील गालियां देनी शुरू कर दीं। जब उन्होंने गाली-गलौज का विरोध किया और पति को याद दिलाया कि उन्होंने उन्हें छोड़कर दूसरी शादी कर ली है और पिछले दस वर्षों से उन्हें व उनके चार बच्चों को किसी तरह का भरण-पोषण नहीं देते बल्कि उन पर अत्याचार करते हैं।तो स्थिति बिगड़ गई। यह बात सुनते ही उनकी सौतन अनिमा देवी पति की दूसरी पत्नी और सास शकुनतला देवी धनंजय मंडल की मां ने पति को इस औरत को घर से बाहर निकालो और कमरे में ताला लगा दो का हुक्म दिया। इसके बाद पति धनंजय मंडल ने संध्या देवी के कमरे में ताला लगाने का प्रयास किया। जब संध्या देवी ने इसका विरोध किया।तो पति धनंजय मंडल, सौतन अनिमा देवी और सास शकुनतला देवी तीनों ने मिलकर उन्हें बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। आरोप है। कि उन्होंने संध्या देवी को जमीन पर गिरा दिया और पति धनंजय मंडल ने जान से मारने की नीयत से उनके दोनों हाथों से गला दबाना शुरू कर दिया। संध्या देवी ने बताया कि उनके चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिन्होंने किसी तरह उनकी जान बचाई।संध्या देवी ने अपनी शिकायत में यह भी उल्लेख किया है। कि उनके पति धनंजय मंडल ने लगभग दस वर्ष पूर्व उनके जीवित रहते हुए ही मिरनगर निवासी अनिमा देवी से गैर-कानूनी तरीके से दूसरा विवाह कर लिया है। संध्या देवी और धनंजय मंडल के चार बच्चे हैं।जिनका भरण-पोषण धनंजय मंडल नहीं करते। संध्या देवी का कहना है। कि वह मजदूरी कर किसी तरह अपने चारों बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि पति उनसे दान-दहेज की मांग करते रहते हैं और पहले भी अक्सर उनके साथ मारपीट करते रहे हैं। संध्या देवी ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराकर पति, सौतन और सास के विरुद्ध उचित और ठोस कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### 11.11 करोड़ की लागत से पांच सड़कों का विधायक ने कार्य शुभारंभ कराए



**साहिबगंज:** राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने मंगलवार को 11 करोड़ 11 लाख की लागत से बनने वाले पांच सड़क का कार्य शुभारंभ कराएं।जिसमें चार सड़क राजमहल प्रखंड एवं एक सड़क साहिबगंज प्रखंड क्षेत्र में किया गया है.विधायक ने कहा कि सभी ग्रामीण सड़क ग्रामीणों के लिए लाइफलाइन है। इसलिए इन सड़कों का बेहतर होना काफी जरूरी है। झारखंड सरकार लगातार ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ीकरण कर बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी वैसी लाइफ लाइन सड़क इसके निर्माण की आवश्यकता है बारी-बारी से सभी का निर्माण होगा.सड़कों को चिन्हित कर विभाग को डीपीआर तैयार करने के लिए अनुशंसा भी किया गया है जिस पर संबंधित विभाग कार्य कर रही है.विधायक ने राजमहल प्रखंड के कालीबाड़ी चौक से कछुआकोल तक, नया बाजार मोड से पूर्वी नारायणपुर पंचायत भवन तक,नया बाजार जामनगर रोड से कॉलोनी नंबर 3 भाया कॉलोनी नंबर एक खोचपाडा तक,बाबूपुर से हाथीगढ़ मोड भाया प्राइमरी हेल्थ सेंटर तक एवं साहिबगंज प्रखंड के संविदा नल से जमनी फाटक भाया पलटनगंज तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य को शुभारंभ कराया.मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह झामुमो युवा मोर्चा जिला सचिव मो मारूफ,प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान,मध्य नारायणपुर की मुखिया रिजवाना कासमी,मो अफजल,मोहम्मद दिलजान शेख,मुर्शीद राजा,शाहिद रिजवी,खुर्शीद आलम आकिब अनिस,स्मित चौरसिया,लुखीराम मुर्मू सहित अन्य मौजूद थे।

### नव नियुक्त जिला पदाधिकारी का बरहेट प्रखंड कमिटी ने किया अभिनंदन



**साहिबगंज/बरहेट :**मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के झामुमो कार्यालय बरहेट में नव नियुक्त झामुमो जिला पदाधिकारी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।वहीं इस बैठक में जिला कमिटी तथा युवा मोर्चा के नव नियुक्त पदाधिकारी को अंग वस्त्र देकर एवं माला पहनाकर कर अभिनंदन किया गया।इस दौरान जिला समिति के सभी नव नियुक्त पदाधिकारी में से जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी,जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम जिला कार्यकारिणी सदस्य नजरूल इस्लाम जिला कार्यकारिणी सदस्य मोनिका किस्कू को प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मुर्मू,अब्दुल मजीद,लखीराम हेंब्रम,मो एजाज,बाबूधन टूडू,पार्वती हांसदा,मोनिका सोरेन,रेजाउल रहमान,रमेश मुर्मू के द्वारा अंगवस्त्र देकर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया गया।वहीं युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष देव सोरेन एवं मो अली को गुंजन सिंघानिया,जिशू मरांडी,मो शमीम अंसारी एवं तोनोल किस्कू के द्वारा अंग वस्त्र देकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया।वहीं मंच का संचालन प्रखंड सचिव मुजीबुर रहमान ने किया।इस दौरान कार्यकर्ता द्वारा नव मनोनित पदाधिकारियों को बधाई देकर उसके हौसला अफजाई एवं मिठाई बांट कर खुशी जाहिर किया।मौके पर जिप सदस्य जेठा मुर्मू,चार्लेश सोरेन,अरशद अंसारी,मैनुल हक अंसारी,नूर हुसैन अंसारी,मिराज हक,सामयल मुर्मू,रफीक अंसारी,सलाम अंसारी,लड्डू भगत,इस्लाम अंसारी, फखरुद्दीन अंसारी,मुश्ताक अंसारी,हाकिम अंसारी सहित सभी पंचायत के अध्यक्ष सचिव एवं सम्मानित कार्यकर्तागण मौजूद थे।



पैपराजी के इस सवाल को सुन

# चौंक गईं बिग बॉस फेम एक्ट्रेस माहिरा शर्मा

अभिनेत्री माहिरा शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पैपराजी उनसे कुछ पूछ रहे हैं, उनके सवालों को सुन चौंकती दिख रही हैं अभिनेत्री। वहीं, इस पोस्ट पर नेटिजंस की भी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और लोग उन्हें सीख दे रहे हैं। आइए जानते हैं क्या हुआ ऐसा।

## किस सवाल पर चौंकी माहिरा शर्मा?

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिनेत्री माहिरा शर्मा को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ब्लैक जींस के साथ ग्रे कलर की टॉप में बेहद सादे और खूबसूरत अंदाज में दिख रही हैं। वायरल वीडियो में पैपराजी एक्ट्रेस से मराठी भाषा में सामने देखने के लिए कहते हैं, जिसे ना समझ पाने के कारण अभिनेत्री चौंक जाती हैं और उन्हें शर्माते हुए भी देखा जाता है। ये रिएक्शन देख पैपराजी पूछते हैं कि आपको मराठी नहीं आती, तो इसके जवाब में माहिरा शर्मा कहती हैं कि आती है।

## नेटिजंस ने दी प्रतिक्रियाएं

अभिनेत्री के इस वीडियो के वायरल होने पर नेटिजंस तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया कि अरे यार। दूसरे यूजर ने लिखा, सीख लो मराठी। वहीं, अन्य यूजर ये वीडियो देख हंस रहे हैं। इसके अलावा कुछ यूजर्स उनके लुक की तारीफ भी कर रहे हैं।

## माहिरा शर्मा के बारे में

माहिरा शर्मा को 'बिग बॉस 13' में बतौर प्रतियोगी के रूप में खास पहचान मिली। हालांकि, इससे पहले वह कई टीवी शो का हिस्सा रह चुकी हैं। अभिनेत्री तारक मेहता का उल्टा चश्मा, नागिन 3, कुंडली भाग्य, बेपनाह प्यार, जैसे चर्चित धारावाहिकों में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में भी काम किया है। इतना ही नहीं अभिनेत्री का नाम भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज के साथ भी जोड़ा गया था। हालांकि, इन्हें अफवाह कहा गया था।

# क्रिमिनल जस्टिस: ए फैमिली मैटर में खुशी भारद्वाज एस्परगर सिंड्रोम से पीड़ित इरा की चुनौतीपूर्ण भूमिका में



अप्लॉज एंटरटेनमेंट और डिज्नी+ हॉटस्टार की बहुप्रतीक्षित सीरीज क्रिमिनल जस्टिस के चौथे सीजन, जिसका शीर्षक क्रिमिनल जस्टिस- ए फैमिली मैटर है, के प्रीमियर के बाद से ही दर्शकों में खासी चर्चा है। इस सीजन में युवा अभिनेत्री खुशी भारद्वाज ने अपने अभिनय से सभी का ध्यान खींचा है। खुशी ने इरा की एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है, जो सुरवीन चावला और मोहम्मद जीशान अय्यूब द्वारा अभिनीत किरदारों की बेटी है, और एक हाई-प्रोफाइल हत्या के रहस्य में प्रमुख संदिग्धों में से एक है। इरा के किरदार की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि वह एस्परगर सिंड्रोम से जूझ रही है। इस जटिल किरदार को निभाने और अपने ऑडिशन के बारे में बात करते हुए खुशी भारद्वाज ने कहा, ईमानदारी से कहूँ तो, इस किरदार को निभाना एक सपने जैसा लगा, ऐसी सफल फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना अविश्वसनीय था। इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक के साथ काम करना सम्मान की बात थी। एस्परगर सिंड्रोम से पीड़ित किरदार को चित्रित करने की चुनौती पर उन्होंने कहा कि वे शुरू में इस भूमिका के लिए ऑडिशन देने को लेकर थोड़ी अनिश्चित थीं, खासकर जब उनकी 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएँ उसी समय हो रही थीं। खुशी ने इस किरदार को प्रामाणिक रूप से निभाने के लिए गहन शोध किया।



# नई फिल्म की तैयारी में लगे सोनू सूद

**अभिनेता** सोनू सूद हाल ही में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पहुंचे हैं। यहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में बताया है। इससे पहले सोनू सूद को मिस वर्ल्ड के इवेंट में सम्मानित किया गया था। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने सोमवार सुबह तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित यह मंदिर भारत में सबसे अधिक देखे जाने वाले धार्मिक स्थलों में से एक है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद एएनआई से बात करते हुए फतेह अभिनेता ने अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में जानकारी दी।

## अगली फिल्म में नजर आएंगे सोनू सूद

सोनू सूद ने मीडिया से कहा आज से 25 साल पहले मैं यहां आया था। आज, मैं अपने परिवार के साथ यहां आया हूं। मैं दुनिया में सभी के लिए खुशी, शांति और तरक्की की प्रार्थना करता हूं। हम एक नई फिल्म नंदी शुरू कर रहे हैं। इसमें मैं अभिनय और निर्देशन दोनों कर रहा हूं। यह जल्द ही शुरू होगी।

ताज से जज तक का सफर

# मानुषी की मिस वर्ल्ड स्टेज पर भावनात्मक वापसी

मिस वर्ल्ड 2017 का ताज जीतने वाली मानुषी छिल्लर ने 31 मई 2025 को हैदराबाद में संपन्न हुई 72वीं मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता में एक जज के रूप में भावनात्मक वापसी की। यह उनके लिए एक फुल सर्कल मोमेंट था, क्योंकि जिस मंच ने उन्हें वैश्विक पहचान दी थी, अब उसी मंच पर वह विजेताओं को चुनने वाले प्रतिष्ठित पैनल का हिस्सा थीं। एक प्रतियोगी से जज बनने तक का प्रेरणादायी सफर:

मानुषी छिल्लर के लिए यह वापसी बेहद खास और भावनात्मक थी। उन्होंने 2017 में चीन में मिस वर्ल्ड का ताज जीता था, और अब, कुछ साल बाद, वह उसी पैनल के विपरीत पक्ष में बैठी थीं जिसने कभी उनके भाग्य का फैसला किया था। मानुषी ने इंस्टाग्राम पर इस अनुभव को सम्मानित बताया। यह भूमिका न केवल उनकी पेशेवर पहचान को दर्शाती है, बल्कि एक प्रतियोगी से एक सफल अभिनेत्री और सार्वजनिक व्यक्ति बनने तक के उनके प्रेरणादायी सफर का भी प्रमाण है।



जिस ताज ने कभी उनकी जिंदगी बदल दी थी, उसी ताज को किसी और युवती के सिर पर सजा देखना और उस निर्णय में भागीदार होना, उनके लिए एक गहरा भावनात्मक अनुभव था। भारत में आयोजित प्रतियोगिता में एक जज के रूप में मानुषी की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। यह दर्शाता है कि पूर्व मिस वर्ल्ड विजेता किस प्रकार संगठन के महिलाओं को सशक्त बनाने और वैश्विक मंच पर उपलब्धियों का उत्सव मनाने के मिशन में अब भी सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। यह उनके व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के साथ-साथ मिस वर्ल्ड संगठन के मूल्यों के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

# ब्री इलिंग और बेला जेम्स को न्यूजीलैंड महिला टीम का केंद्रीय अनुबंध मिला



एजेंसी

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और बल्लेबाज बेला जेम्स को पहली बार न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के लिए केंद्रीय अनुबंध मिला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बुधवार, 18 जून को 2025-26 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध सूची जारी की, जिसमें इन दोनों युवा खिलाड़ियों को जगह दी गई है। यह स्थान हेली जेनसेन के संन्यास और कप्तान सोफी डिवाइन के कैजुअल प्लेइंग एग्रीमेंट पर जाने के बाद खाली हुआ था। बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग ने 2022 में घरेलू क्रिकेट में पदार्पण किया था और अब तक अपनी टीम की प्रमुख विकेट टेकर बन चुकी हैं। 21 वर्षीय इलिंग ने इस सत्र में सभी प्रारूपों में कुल 29 विकेट लिए हैं। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने इसी साल मार्च में श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी20 दोनों प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया, जहां उन्होंने छह मैचों में छह विकेट झटके। वहीं, बेला जेम्स ने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने मार्च में एक और मुकाबला इसी टीम के खिलाफ खेला। हालांकि, जेम्स ने महज 16 साल की उम्र में घरेलू क्रिकेट में कदम रखा था और उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा।

न्यूजीलैंड महिला टीम के कोच बेन सॉयर ने कहा, ब्री ने श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। एक विश्वस्तरीय बल्लेबाज जैसे चमारी अटापट्टू के खिलाफ उसका प्रदर्शन यह दिखाता है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार है। वहीं, बेला ने घरेलू स्तर पर निरंतर अच्छा खेल दिखाया है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू श्रृंखला में भी शानदार रही थी। 2025-26 के लिए न्यूजीलैंड महिला टीम की केंद्रीय अनुबंध सूचीः सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, लॉरेन डाउन, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रूक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंग्लिस, बेला जेम्स, फ्रैन जोनास, जेस केर, एमेलिया केर, रोसमेरी मेयर, मॉली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, लिया ताहुहु।

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम में हर्षित राणा बतौर बैकअप शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली:** युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम में बैकअप खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया है। वह मुख्य टीम के साथ इंग्लैंड पहुंच चुके हैं और 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार देर रात उक्त जानकारी दी।

23 वर्षीय राणा ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए घोषित 18 सदस्यीय मूल टीम में उनका नाम नहीं था। हालांकि, वह इंडिया ए टीम का हिस्सा थे और कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनाधिकारिक टेस्ट में खेले थे। हर्षित राणा अब तक दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल चुके हैं। टीम के अन्य सदस्यों के साथ वह लंदन से ट्रेन के जरिए लीड्स पहुंचे, जहां उन्हें टीम के साथ देखा गया।

वहीं केएल राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शार्दुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नितीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी पहले से ही इंडिया ए टीम के साथ यूके में मौजूद थे और उन्हें वहां मैच अभ्यास का अच्छा मौका मिला। भारत ने इंग्लैंड दौरे की तैयारी के तहत बेकनहम में इंडिया ए के खिलाफ एकमात्र अभ्यास मैच खेला था।



**टीम इस प्रकार है:** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान एवं विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव और हर्षित राणा (बैकअप)।

# रग्बी अफ्रीका मेन्स 72 टूनार्मेंट के लिए युगांडा की टीम घोषित



एजेंसी

**कम्पाला :** युगांडा ने मंगलवार को मॉरिशस में 21 से 22 जून तक होने वाले रग्बी अफ्रीका मेन्स 72 टूनार्मेंट के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान एलेक्स अतुरिंडा को सौंपी गई है। मुख्य कोच टोल्बर्ट ओन्यांगो ने 12 सदस्यीय टीम का ऐलान करते हुए कहा, हम बेहद उत्साहित हैं क्योंकि टीम ने अच्छी तैयारी की है। हमें अपना खिताब बचाने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। यह टूनार्मेंट मापो के लाबोदोनें स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा, जिसमें कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी। खिताबी मुकाबले के अलावा, टीमें वर्ल्ड रग्बी 72 सीरीज के नवप्रस्तावित डिवीजन 3 में जगह बनाने के लिए भी प्रतिस्पर्धा करेंगी। युगांडा की रग्बी क्रेन्स टीम को ग्रुप ए में कोट डी आइवोर, घाना और चिर प्रतिद्वंद्वी केन्या के साथ रखा गया है। कोच ओन्यांगो ने कहा, हम अपने ग्रुप में किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले सकते, क्योंकि हर टीम मौजूदा चैंपियन को हराने की कोशिश करेगी। लेकिन हम हर मैच के लिए खास रणनीति के साथ तैयार हैं। अन्य भाग लेने वाली टीमें हैं: दक्षिण अफ्रीका, बुर्किना फासो, जाम्बिया, नाइजीरिया, मेडागास्कर, जिम्बाब्वे, ट्यूनीशिया और मेजबान मॉरिशस। युगांडा टीम: एलेक्स अतुरिंडा (कप्तान), एलन ओलेंगो, मुबारक वांडेरा, मार्क ओसुना, अर्नोल्ड ओसेन, रॉय किज़िटो, करीम अरिनाइत्वे, मैल्कम ओकेलो, आरोन टुकेई, डेनिस एत्वाउ, जोन्स कामिजा और नोबर्ट ओकेनी।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी रवाना, 4 देशों के टूनार्मेंट में लेगी हिस्सा

# पहला मुकाबला 21 जून को मेजबान जर्मनी से होगा

एजेंसी

**बेंगलुरु :** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम आज सुबह जर्मनी के बर्लिन के लिए रवाना हो गई, जहां वह 21 जून से 25 जून तक आयोजित होने वाले 4 देशों के अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूनार्मेंट में भाग लेगी। टीम की कमान कप्तान अरिजीत सिंह हुंदल के हाथों में है, जो टूनार्मेंट के पहले पूल मैच में 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। इसके बाद भारतीय टीम का सामना 22 जून को ऑस्ट्रेलिया और 24 जून को स्पेन से होगा। पूल चरण के बाद शीर्ष दो टीमें फाइनल में भिड़ेंगी, जबकि निचली दो टीमें तीसरे स्थान के लिए 25 जून को मुकाबला करेंगी। सभी मैच टीसी 1899 ब्लाउ वीस, बर्लिन में खेले जाएंगे।




कप्तान अरिजीत सिंह हुंदल ने टूनार्मेंट को लेकर कहा, यह टूनार्मेंट हमारे लिए बेहद अहम है क्योंकि एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप 2025 अब ज्यादा दूर नहीं है। यह हमारे लिए अपनी रणनीतियों को परखने, नए संयोजन आजमाने और कमजोरियों को पहचानने का बेहतरीन मौका होगा। यहां हमें दुनिया की कुछ बेहतरीन टीमों के खिलाफ खेलने का अनुभव मिलेगा।

उपकप्तान आमिर अली ने भी टूनार्मेंट को अहम बताते हुए कहा, हमारी कोशिश है कि वर्ल्ड कप से पहले हर छोटी-बड़ी कमी को दूर किया जाए। यह टूनार्मेंट सिर्फ टीम के लिए ही नहीं, बल्कि हर खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत रूप से भी खुद को आंकने और सुधारने का मौका है।

गौरतलब है कि एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा। ऐसे में भारतीय जूनियर टीम के लिए यह टूनार्मेंट वर्ल्ड कप की तैयारियों का एक अहम पड़ाव साबित होगा।

# राजस्थान की सीमा पर पहुंचा मानसून, 28 जिलों में बारिश का अलर्ट

एजेंसी



**जयपुर :** अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र (लो-प्रेशर सिस्टम) ने गुजरात की सीमा पर पिछले 20 दिनों से रुके मानसून को गति दे दी है। मानसून अब राजस्थान की सीमा पर पहुंच चुका है और मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार या गुरुवार तक यह राज्य में प्रवेश कर जाएगा। इससे पहले प्रदेश में प्री-मानसून की तेज बारिश ने कई जिलों में जनजीवन को प्रभावित किया। मौसम विभाग ने बुधवार को राजस्थान के 28 जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को भरतपुर जिले के बयाना में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। वहीं डीग क्षेत्र में बिजली गिरने से 8 वर्षीय एक बालक की मौत हो गई और उसका मित्र झुलस गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। करौली जिले के नादौती उपखंड के धौलेटा गांव में मंगलवार सुबह करीब 4 बजे तेज आंधी के कारण 11 केवी हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर घरेलू सिंगल फेस लाइन पर गिर गया। इससे कई घरों में हाई वोल्टेज करंट दौड़ गया। लोहे के पलंग पर सो रहे सात लोग करंट की चपेट में आ गए, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। राजधानी जयपुर में मंगलवार देर शाम तक 37 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई। मालवीय नगर सेक्टर-9 स्थित गिरधर मार्ग पर राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कार्यालय के सामने सड़क का एक हिस्सा बारिश के कारण धंस गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, नाले की दीवार तोड़कर कचरा फेंके जाने और जलभराव के चलते सड़क के नीचे से मिट्टी बह गई है, जिससे अब बची हुई सड़क भी कभी भी धंस सकती है। स्थानीय निवासियों के अनुसार कॉलोनी के मुख्य गेट के पास स्थित यह सड़क अब बेहद कमजोर हो चुकी है और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।मंगलवार को पूर्वी राजस्थान के अलवर, सीकर, झुंझुनूं और चूरू जिलों में 10 से 60 मिमी तक बारिश दर्ज की गई, जिससे खरीफ की बुआई की तैयारी कर रहे किसानों को राहत मिली है। पिछले 24 घंटे में चूरू, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, अलवर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, टोंक, सवाई माधोपुर और अजमेर सहित पूर्वी राजस्थान के अधिकांश जिलों में 1 से 3 इंच तक वर्षा हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, यदि मौजूदा सिस्टम इसी तरह सक्रिय रहा तो बुधवार तक मानसून राजस्थान में प्रवेश कर जाएगा। अगले दो से तीन दिन तक राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है

# बेफिक्र कराएं इलाज, सरकार करेगी भरपूर मदद: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं

एजेंसी



**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अफसरों को सभी की समस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक समाधान के लिए निर्देशित किया। इस दौरान गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। इलाज में सरकार भरपूर आर्थिक मदद देगी। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। बारिश के मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे।

## गुना के नेशनल हाइवे पर दर्दनाक हादसा, मोबाइल बचाने के चक्कर में गई बेटी की जान

एजेंसी

**गुना :** गुना स्थित नेशनल हाइवे पर रुठियाई के समीप एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहाँ एक पिता की बेबसी और गरीबी ने उसकी 18 वर्षीय बेटी की जान ले ली। यह दुखद हादसा मंगलवार-बुधवार की दरमियानी लगभग 3 बजे हुआ, जिसने एक परिवार के सपनों को हमेशा के लिए तोड़ दिया और सिस्टम की घोर लापरवाही को भी उजागर किया। जानकारी के मुताबिक विदिशा जिले के हमीदपुर ग्राम निवासी दारा सिंह लोधी बीते कई सालों से इंदौर की गणेश धाम कॉलोनी में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में काम कर रहे थे। महज 18 हजार रुपए की मामूली वेतन में अपनी पत्नी प्रीति लोधी और चार बच्चों पूनम, मधु, अनुराधा, विराट का किसी तरह गुजारा कर रहे थे। लेकिन हाल ही में दारा सिंह की नौकरी छूट गई, जिससे परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। आर्थिक तंगी इतनी बढ़ गई कि उन्हें इंदौर छोड़कर अशोकनगर स्थित ससुराल में शिफ्ट होने का फैसला लेना पड़ा। अशोकनगर में किराए के मकान का एडवांस देने के बाद दारा सिंह के पास बस का किराया तो दूर, सफर के लिए भी पैसे नहीं बचे थे। मजबूरी में परिवार ने अपने सामान के साथ एक ट्रक के पीछे बैठकर सफर करने का जोखिम भरा फैसला किया। उन्हें नहीं पता था कि यह फैसला उनकी 18 वर्षीय बेटी पूनम की जिंदगी पर भारी पड़ेगा। गुना जिले में नेशनल हाईवे-46 रुठियाई के पास जैसे ही ट्रक एक तेज ब्रेकर पर पहुंचा, दारा सिंह के हाथ से उनका मोबाइल गिर गया। पीछे बैठी उनकी बेटी पूनम, जो कि 12वीं की साइंस की छात्रा थी, मोबाइल उठाने के लिए झुकी। ट्रक के अचानक उछलने से वह असंतुलित होकर नीचे गिर गई। पूनम के सिर में गंभीर चोट लगी और वह वहीं तड़पने लगी। परिवार ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को फोन किया, लेकिन दुखद रूप से एम्बुलेंस एक घंटे तक नहीं पहुंची। अस्पताल पहुंचने से पहले ही पूनम ने दम तोड़ दिया। मां की चीखें, बहनों की रुलाई और पिता की खामोशी का वह मंजर हर आंख को नम कर गया। सबसे दुखद बात यह है कि अब इस गरीब परिवार के पास अपनी बेटी के अंतिम संस्कार के लिए भी पैसे नहीं हैं। पिता दारा सिंह ने बताया, हमारे पास गुना से विदिशा शव ले जाने तक के पैसे नहीं हैं। कुछ रिश्तेदारों को फोन किया है उम्मीद है वो आएंगे, ताकि बेटी का अंतिम संस्कार किसी तरह हो सके।

## मुख्यमंत्री ने किया योगाभ्यास, जीवनशैली में योग अपनाने का किया आह्वान



**जयपुर :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) से पूर्व बुधवार सुबह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस अवसर पर योग साधकों, बच्चों तथा मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने भी सामूहिक रूप से योगाभ्यास में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से योग को अपने जीवन में अपनाएं और 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लें। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के संतुलन का माध्यम है, जो सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि योगमय विश्व, योगमय भारत और योगमय राजस्थान का संकल्प तभी साकार होगा जब हम सभी योग को अपने जीवन की दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे।

## जंगली हाथियों ने तोड़े ग्रामीणों के घर

**नगांव (असम) :** काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से सटे नगांव जिलांतर्गत सामागुड़ी इलाके में बीती रात जंगली हाथियों के झुंड ने कई ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जंगली हाथियों ने घरों को नष्ट करने के साथ ही घरों में रखी भोजन सामग्री एवं जरूरी सामानों को भी तहस–नहस कर दिया। हालांकि, ग्रामीण भागकर किसी तरह से अपनी जान बचाने में सफल रहे। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों का झुंड बीती मध्य रात्रि रिहायशी इलाके में घुस आया और कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। दीवारों और छतों को तोड़ दिया। एक घर में रखे बिजली के इन्वर्टर को भी पूरी तरह से हाथियों ने नष्ट कर दिया। हालांकि, किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। एक ग्रामीण के अनुसार रात के समय सभी सो रहे थे, इसी दौरान तेज आवाज सुनाई दी। बाहर निकलकर देखा तो हाथियों का झुंड घरों को तहस–नहस कर रहा था। घर को हाथियों ने काफी नुकसान पहुंचाया है।

## कालीगंज उपचुनाव: तृणमूल जीत को लेकर आश्वस्त, भाजपा भी है आस में

एजेंसी



**कोलकाता :** नदिया जिले की कालिगंज विधानसभा सीट पर गुरुवार को होने वाले उपचुनाव को लेकर तीन प्रमुख राजनीतिक ध्रुवों में अलग-अलग रणनीतियां और अपेक्षाएं? साफ तौर पर दिखाई दे रही हैं। तृणमूल कांग्रेस जहां अपनी संभावित जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही है, वहीं भाजपा की रणनीति पूरी तरह वोट ध्रुवीकरण पर केंद्रित है। उधर, वाम समर्थित कांग्रेस भी इस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है, भले ही जीत की संभावना क्षीण हो। कालीगंज से दिवंगत विधायक नासिरुद्दीन अहमद की बेटी अलीफा अहमद को तृणमूल ने प्रत्याशी बनाया है। पढ़ी-लिखी और पेशेवर छवि वाली अलीफा को लेकर पार्टी का एक बड़ा वर्ग उत्साहित है। पार्टी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने दावा किया कि ₹हमारी प्रत्याशी बहुत योग्य है और जनता पूरे क्षेत्र में विकास के लिए तृणमूल को वोट देगी।₹ हालांकि उन्होंने जीत के अंतर पर कोई निश्चित आंकड़ा नहीं बताया, लेकिन कहा कि जीत बड़े अंतर से होगी। तृणमूल के प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार ने तो दावा किया कि ₹हमारी जीत का अंतर 50 हजार से अधिक रहेगा।₹ उनके अनुसार, विपक्षी दलों का क्षेत्र में कोई मजबूत संगठन नहीं है, जिससे अधिकांश बूथों पर वे एजेंट तक नहीं बैठा पाएंगे। हालांकि भाजपा ने 2021 में यह सीट नहीं जीती थी और पिछली बार उसे तृणमूल से लगभग 47 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा था, फिर भी इस बार उसकी तैयारी जोरदार है। पार्टी ने 13 पंचायत क्षेत्रों में नेताओं को ज़िम्मेदारी दी है, और प्रचार में सुकांत मजूमदार और शुभेंदु अधिकारी जैसे शीर्ष नेता भी शामिल हुए। भाजपा के राज्य उपाध्यक्ष और सांसद जगन्नाथ सरकार के अनुसार, ₹हमने पिछली बार 80 प्रतिशत हिंदू वोट प्राप्त किया था, इस बार यह आंकड़ा 90 प्रतिशत तक जाएगा।₹ उनका दावा है कि यह वोट कांग्रेस, वाम और तृणमूल के खातों से ही आएगा। हालांकि उन्होंने सीधे जीत का दावा नहीं किया, लेकिन इशारा किया कि अगर तृणमूल के भीतर असंतोष और अंदरूनी विरोध से वोटों का बंटवारा हुआ, तो भाजपा को फायदा मिल सकता है।

# सोने की कीमत में लगातार तीसरे दिन गिरावट, चांदी में मामूली तेजी

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में सोने के कीमत में आज लगातार तीसरे दिन मामूली गिरावट दर्ज की गई है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,360 रुपये से लेकर 1,00,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,990 रुपये से लेकर 92,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में आज 100 रुपये की मामूली तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में 1,10,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 92,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,00,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 91,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के कुछ मिनट बाद ही लिवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार ने रिकवरी करके हरे निशान में अपनी जगह बना ली। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.17 प्रतिशत और निफ्टी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दस बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, श्रीराम फाइनेंस और टाइटन कंपनी के शेयर 4.37 प्रतिशत से लेकर 0.99 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर कोटक महिंद्रा, एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर 0.89 प्रतिशत से लेकर 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,328 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,555 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 773 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 268.68 अंक की कमजोरी के साथ 81,314.62 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के कुछ देर बाद ही बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 135.82 अंक की मजबूती के साथ 81,719.12 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शिक्षक नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन : पहले दिन ही दस हजार से अधिक उम्मीदवारों ने किया आवेदन

**कोलकाता :** राज्य में नवम और दशम कक्षा के लिए विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के पहले ही दिन ऑनलाइन आवेदन में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सोमवार रात 10 बजे से शुरू हुई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के तहत मंगलवार शाम छह बजे तक 10 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन दर्ज करा दिए हैं। यह जानकारी पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) के एक अधिकारी ने बुधवार सुबह दी। शिक्षामंत्री ब्रत्य बसु ने नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने के लिए सभी योग्य व पूर्ववर्ती बर्खास्त शिक्षकों से आवेदन करने की अपील की थी। उन्होंने स्पष्ट किया, ह्लयह नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार हो रही है। अगर कोई उम्मीदवार फिर भी सुप्रीम कोर्ट जाना चाहता है, तो वह स्वतंत्र है। सूत्रों के अनुसार, राज्य के शिक्षा विभाग ने एसएससी को 23 हजार से अधिक रिक्तियों की सूची सौंपी है, जिनमें सबसे अधिक रिक्तियां भौतिक विज्ञान (4,352 पद) और गणित (3,901 पद) में हैं। इस आधार पर आयोग ने नियुक्ति की प्रक्रिया तेज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत बर्खास्त किए गए शिक्षकों को नई परीक्षा में बैठना अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकांश शिक्षक इस परीक्षा में शामिल होने को तैयार हैं और उन्होंने आवेदन भी कर दिया है, जबकि कुछ शिक्षक अब भी विरोध में हैं और परीक्षा में बैठने से इनकार कर रहे हैं। इस बीच, बीते गुरुवार रात से कोलकाता के सेंट्रल पार्क में 10 शिक्षक-शिक्षिकाएं अनशन पर बैठे थे। इनमें से कई की तबीयत बिगड़ने पर मंगलवार को छह नए शिक्षक-शिक्षिकाएं अनशन पर बैठ गए हैं। इनमें एक दृष्टिहीन शिक्षक भी शामिल हैं। इसी दौरान मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा हाल में जारी ओबीसी आरक्षण की नई सूची को स्थगित कर दिया। इस निर्णय का शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इस बारे में एसएससी ने कोई टिप्पणी करने से इनकार किया है।

### कोलकाता एयरपोर्ट को मिला धमकी भरा ईमेल

**कोलकाता :** भारत में विमान परिचालन से जुड़ी परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। बीते 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान के तकनीकी खराबी के चलते लौटने की घटना के बाद अब दो अलग-अलग बम की धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया। एक ओर जहां कोच्चि से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट को पायलट ने नागपुर में इमरजेंसी लैंड कराया, वहीं दूसरी ओर मंगलवार शाम कोलकाता एयरपोर्ट के पब्लिक ग्रीवांस ऑफिस की मेल आईडी पर एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें बताया गया कि टर्मिनल के एक रेस्ट-रूम की पाइपलाइन के अंदर बम लगाया गया है, जो कभी भी फट सकता है। ईमेल में दावा किया गया कि यह विस्फोट 26/11 मुंबई हमले के दोषी अजमल कसाब को फांसी दिए जाने और तमिल आतंकी संगठन एलटीटीईई प्रमुख प्रभाकरण के समर्थक ए. शंकर को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में किया जाएगा। एक अधिकारी ने बुधवार सुबह बताया कि कोलकाता एयरपोर्ट को जो धमकी भरा मेल मिला वह ह्यअलेक्ज पॉल मेननह्ण नामक एक व्यक्ति की मेल आईडी से भेजा गया था। मेल मिलने के बाद सीआईएसएफ ने टर्मिनल के हर हिस्से–डिपार्चर एरिया, स्टाफ एंट्री गेट, और कार्गो जोन में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करते हुए बोर्डिंग से पहले यात्रियों के सामान की रैंडम जांच को 20 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया। इसके अलावा, विमानपत्तन के बाहर भी बिधाननगर पुलिस ने सुरक्षा जांपच को कड़ा कर दिया। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कई घंटों तक की गई छानबीन के बावजूद किसी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। फिलहाल उस आईपी एड्रेस का पता लगाया जा रहा है जिससे मेल भेजा गया था। दोनों ही घटनाओं में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं और मामले की गंभीरता से जांच जारी है।

### शिमला में ट्रैफिक जाम से थमी रफ्तार, रोजाना घंटों जाम से जूझ रहे यात्री

**शिमला :** राजधानी शिमला में चल रहे टूरिस्ट सीजन के बीच ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या लोगों की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। हर सुबह आठ बजे के बाद शहर की सड़कों पर वाहनों की आवाजाही लगभग ठहर सी जाती है। खासकर आईएसबीटी बाईपास से ओल्ड बस स्टैंड तक की कुछ किलोमीटर की दूरी अब लोगों के लिए घंटों की परेशानी बन चुकी है। यह रास्ता पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल के निचले क्षेत्रों से शिमला आने वाले पर्यटक वाहनों का मुख्य मार्ग है, जिस पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। शहर में हर ओर ट्रैफिक की रफ्तार थम गई है। संजौली, टूटीकंडी बाईपास, बालूगंज, लक्कड़ बाजार, छोटा शिमला, न्यू शिमला और ओल्ड बस स्टैंड से लेकर क्रॉसिंग तक के इलाकों में प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके चलते न केवल सरकारी और निजी कर्मचारी, विद्यार्थी व मरीज प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि स्थानीय लोगों को भी अपने जरूरी काम समय पर निपटाने में भारी दिक्कतें पेश आ रही हैं। हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की लगभग चार सौ बसों में से रोजाना 40 से 50 रूट जाम की वजह से बाधित हो रहे हैं। जाम की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बसें अपने तय रूट और समय पर न तो चल पा रही हैं और न ही समय से बस स्टैंड पहुंच पा रही हैं। कई बार आधा से डेढ़ घंटे तक की देरी हो रही है, जिससे बस स्टैंडों पर यात्री लंबा इंतजार करते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर कोई ठोस नीति नहीं अपनाई गई है। ट्रैफिक दबाव को देखते हुए प्रशासन को पहले से ही वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी, मगर ऐसा नहीं किया गया।

### कांग्रेस ने दशकों तक ओबीसी समाज को सिर्फ वोटबैंक समझा: केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पार्टी पर पिछड़ों की विरोधी होने का आरोप लगाया है। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर बुधवार को लिखा कि कांग्रेस ने दशकों तक ओबीसी समाज को सिर्फ वोटबैंक समझा, कभी हक नहीं दिया। मोदी सरकार ने वो सब किया जिसका इंतजार आजादी के बाद से था–जातिगत जनगणना,ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा, नीट सहित सभी क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण ठोस लाभ। आज मोदी फोबिया से ग्रसित ढोंगियों की असलियत उजागर है। पिछड़े वर्ग के लोग जानते हैं कि पिछड़ों की विरोधी कांग्रेस और राहुल गांधी, सपा बहादुर अखिलेश यादव,राजद एंड कंपनी सिर्फ धोखा हैं–वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर देश का भरोसा है। विकसित भारत,शिक्षित भारत, गरीब होंगे अमीर,बदल रही है,देश की तस्वीर। उन्होंने लिखा कि गुंडाराज, परिवारवाद और भ्रष्टाचार की विरासत अब खत्म होने वाली है। सपा सरकार और अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते हुए ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनता के आशीर्वाद से 2014 में 73 सांसद और 2017 में 325 विधायक जिताकर इतिहास रचा था। जब उनके हाथ में सत्ता थी, तब भी जनता ने भाजपा को सिर माथे बिठाया – अब जब पूरा सच सामने है, तो 2027 में जनता के आशीर्वाद से भाजपा कार्यकर्ता ह्यसपाह्ण को ह्यसमाप्त वादी पार्टीह्ण बना देंगे।

# नगर परिषद की गजब की लापरवाही और उदासीनता सड़क तो बना नाली गायब

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर नगर परिषद के कार्य हमेशा चर्चा और समस्या के इर्द गिर्द ही रहे हैं। नगर परिषद में दुकानदारों और लोगों को राहत दिलाने के लिए सड़क तो बनाया किंतु पानी के निकासी हेतु नाली निर्माण कराना लगता है भूल गया जिसके फल स्वरुप चक्रधरपुर

में हो रही बारिश के फल स्वरुप सड़क पर पानी का जमाव हो गया है और वह तालाब का रूप भी धारण कर लिया है। पानी के जमाव से इस मार्ग पर चलना और दुकानदारों को दुकान तक पहुंचना काफी विषम परिस्थिति उत्पन्न कर रहा है। इस जल जमाव से निजात दिलाने के लिए कमल केसरी ने स्वयं पानी के जमाव को हटाने का कार्य किया और बताया कि आम लोगों को हो रही इस कठिनाई और तकलीफ से निजात दिलाने के लिए उन्होंने यह कारगर कदम उठाया है। श्री केसरी बताते हैं कि वह सामाजिक कार्यों को हमेशा प्रोत्साहित किया करते हैं तथा जन समस्याओं के निराकरण हेतु सत्तत प्रयत्नशील है। चक्रधरपुर में इन दोनों हो रही पानी से पूरे क्षेत्र में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है और लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है किंतु नगर परिषद का इस और ध्यान नहीं रहने के कारण यह समस्या विकराल रूप धारण कर ली है और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए वह इस सड़क पर पानी के जमाव को हटाने के लिए स्वयं सड़क पर उतर आए हालांकि श्री केसरी हमेशा ही समस्या के निराकरण और जन समस्याओं को दूर करने के लिए



सड़क पर उतरते रहे हैं किंतु इस बार जल जमाव और पानी के सड़क पर ठहर जाने के फल स्वरुप समस्या उत्पन्न हो जाने से वह पुण सड़क पर उतर आए हैं। गौरतलब हो की श्री केसरी इन दिनों शहर के विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर प्रयत्नशील है श्री केसरी ने पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के उपायुक्त का भी इस औरध्यान आकृष्ट कराते हुए कहां है कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के उदासीनता से पूरा शहर गंदगी के चपेट में है और कचरा का अम्बार लगा हुआ है तथा उनके द्वारा समस्याओं के निराकरण नहीं करने से समस्या यथावत बनी हुई है उनके द्वारा सड़क निर्माण तो कराया गया किंतु वह कारगर नहीं है ना ही जनपयोगी सड़क निर्माण तो कर दिया गया किंतु नाली की आवश्यकता नहीं समझी गई और पानी का जमाव से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो चला है।

## राज्यपाल से मिले प्रदीप बलमुचू



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू द्वारा लिखित पुस्तक झारखण्ड एक सिंहावलोकनह्व का लोकार्पण किया गया। राज्यपाल ने लेखक को पुस्तक की रचना हेतु बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

## उपायुक्त ने जांच समिति को 48 घंटे में जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का दिया निर्देश



**बिनय मिश्रा :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर के प्रशासनिक भवन में बने ऊपरी तल्ले से श्रद्धालुओं को प्रवेश कराने और अवैध वसूली से जुड़े मामलों को संज्ञान में लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मंदिर प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है साथ ही लगाये गये आरोपों के संदर्भ में जाँच हेतु वरीय अधिकारी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी के अगुवाई में जाँच टीम गठित किया गया है। इसके अलावा उपायुक्त ने गठित जाँच टीम को निदेश दिया गया हैं कि दो दिनों के अन्दर 18.06.2025 तक मामले की जाँच करते हुए एक संयुक्त जाँच प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## पेंशनर समाज के समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन



**सिमडेगा:** सिमडेगा जिले की उपायुक्त कंचन सिंह ने झारखंड राज्य पेंशनर समाज शाखा, सिमडेगा के विशेष आमंत्रण पर उनके कार्यालय पहुंचीं। पेंशनर समाज के सभी सदस्यों ने उनका पारंपरिक रूप से रीति-रिवाज से भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान सदस्यों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अपनी खुशी और सम्मान व्यक्त किया। उपायुक्त के आगमन से समाज के सभी सदस्यों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर पेंशनर समाज के सदस्यों ने उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यस्तता के बावजूद उन्होंने समाज के वरिष्ठ नागरिकों के बीच समय निकालकर आकर उनका मान बढ़ाया है। पेंशनर समाज के सदस्यों ने इस दौरान उपायुक्त महोदय को अपनी कई समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान भवन छोटा पड़ गया है और समाज के कार्यक्रमों के संचालन में असुविधा हो रही है। अतः भवन विस्तार की आवश्यकता है। इसके साथ ही पेंशन स्वीकृति, समय पर भुगतान एवं पेंशन प्रक्रिया से जुड़ी अन्य कठिनाइयों को भी समाज के सदस्यों ने सामने रखा।

सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद उपायुक्त श्रीमती सिंह ने भरोसा दिलाया कि पेंशनर समाज की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और उनके आशीर्वाद से ही समाज एवं प्रशासन को सही दिशा मिलती है। उपायुक्त ने आगे कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे प्रेरणा मिलती है कि मैं जनता की जो समस्याएं हैं उसे दूर कर सकूं और सिमडेगा जिले के विकास के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने जो भरोसा जताये हैं उसको हम पूरा कर सके। उन्होंने उनकी सभी समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने का भरोसा दिलाया।

## नगर परिषद ने पंपलेट वितरण कर लोगों को नशामुक्ति के लिए जागरूक किया गया



**गुमला :** गुमला जिला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के नेतृत्व में निषिद्ध मादक पदार्थों के उपयोग पर रोकथाम हेतु चलाए जा रहे राज्यव्यापी कार्ययोजना के अंतर्गत आज नगर परिषद, गुमला द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में राहगीरों एवं वाहन चालकों को नशामुक्ति हेतु पंपलेट वितरित किया गया। जिसके माध्यम से लोगों के बीच मादक पदार्थों के सेवन से होनेवालों दुष्प्रभावों के विषय में जागरूकता फैलाई गई। राज्य सरकार द्वारा 10 जून से 26 जून तक व्यापक रूप से मादक पदार्थों के दुष्परिणाम एवं रोकथाम लिए राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नगर परिषद, गुमला द्वारा पंपलेट वितरित कर आमजनों को नशा का सेवन न करने की सलाह दी गई।

## धरती आबा जनभागीदारी अभियान को लेकर विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन



**गुमला :** गुमला जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 15 जून से 30 जून 2025 तक जिलेभर में ह्वधरती आबा जनभागीदारी अभियानह्व के अंतर्गत विशेष जागरूकता शिविरों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, ताकि वे राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

## एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान को लेकर सिमडेगा में जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा:** उपायुक्तकंचन सिंह की अध्यक्षता में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की विस्तृत रूपरेखा, क्रियान्वयन रणनीति और जनभागीदारी पर विस्तार से चर्चा हुई।

यह पर्यावरण संरक्षण को समर्पित जनभागीदारी अभियान 5 जून 2025, विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ होकर 30 सितम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी मां या धरती मां की स्मृति में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिया कि पिछले वर्ष लगाए गए पौधों की स्थिति की रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनकी देखभाल की समीक्षा हो सके।

अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में जिला वृक्षारोपण समिति का गठन किया गया है। इस समिति में वनविभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास, मनरेगा, पंचायत सहित आदि विभागों के अधिकारी शामिल हैं। बैठक में तय किया गया कि पौधरोपण कार्य स्कूलों, कॉलेज परिसरों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों, स्मार्ट पार्कों, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के किनारे, अमृत सरोवरों, नहरों, नदी किनारों, जल स्त्रोतों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की बंजर भूमि पर किया जाएगा। विद्यालय परिसर पर जगह होने पर विद्यालय जाने वाले रास्ते पर बच्चों के माध्यम से पेड़ लगवाने की बात कही। वहीं उपायुक्त ने सभी विद्यालय के बच्चों को निर्देशित करने की बात कही कि ग्रामीण विकास अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना एवं दीदी बगिया योजना के तहत अपने परिवार से पेड़ लगाए।

उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान को व्यापक और प्रभावी तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य धरती मां के प्रति सम्मान प्रकट करना, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और स्थानीय पारिस्थितिकी का पुनर्जीवन करना है। सभी ने इस अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी शशांक शेखर सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रसवपूर्व देखभाल को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**गुमला :** गुमला जिला स्वास्थ्य समिति, द्वारा गुणवत्ता पूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल सेवाओं का सुद्दढिकरण के लिए आज एक स्थानीय होटल, में सलाह एवं सहयोगी पर्यवेक्षण बिषय पर चाइल्ड इन्वेस्टमेंटक फन्ड फाउंडेशन के सहयोग से जिला स्वास्थ्य समिति, गुमला एवं जपाईगो के द्वारा कार्यशाला आयोजित किया गया।

कार्यशाला कि अध्यक्षता जिला आर सी एच पदाधिकारी डॉ सुनील राम ने किया।

डी पी एम, जया रेशमा खाका ने कार्यशाला कि शुरूआत करते हुए बताया कि गुणवत्ता पूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल सेवाओं का सुद्दढिकरण के लिए सलाह एवं सहयोगी पर्यवेक्षण आवश्यक है ताकि गुणवत्ता पूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल सेवाओं कि उपलब्धता, सेवा प्रदाता कि कार्यदक्षता, दस्तावेजीकरण आदि का समिक्षा किया जा सके।

इस कार्यशाला में सभी सि एच सी के मेंटर सी एच ओ, कार्यक्रम प्रबंधक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डेवलपमेंट पार्टनर युनिसेफ, पिरामल फाउण्डेशन, अजिमप्रेमजी फाउण्डेशन, टाटा स्टील फाउण्डेशन, एकजुट आदि संस्था के प्रतिनिधि तथा जिला स्वास्थ्य समिति, गुमला से जिला आर सी एच पदाधिकारी, डी पी एम, डी ए एम, डी पी सी, डी पी सी आयुष्मान, प्रभारी क्वालिटी एश्योरेंस आदि लोगों ने भाग लिया। सभी लोगों के लिए सलाह एवं सहयोगी पर्यवेक्षण का मासिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## 11 वर्षों में मोदी सरकार ने मॉडल प्रस्तुत किया : गौरवकांत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी हंसडीहा मंडल द्वारा ह्वविकसित भारत संकल्प सभाह्व का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष विनोद यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने कहा कि बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के जिस मॉडल को प्रस्तुत किया है, उसने भारत की अंतरराष्ट्रीय साख को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और ऑपरेशन सिन्दूर जैसे निर्णायक कदमों से देश की सैन्य ताकत और संप्रभुता को वैश्विक मंच पर स्थापित किया गया है।

युवा मोर्चा के अध्यक्ष रूपेश मंडल ने भी सभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं–जैसे उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कैसे इन योजनाओं ने देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर अनिल पाठक सहित मंडल के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीडीसी ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला उपविकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो द्वारा आज सदर अस्पताल, गुमला का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों, प्रयोगशाला, एमटीसी तथा ओपीडी क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण कर अस्पताल प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली।

उपविकास आयुक्त ने अस्पताल परिसर, विशेषकर सभी वार्डों एवं शौचालयों की स्वच्छता पर असंतोष जताते हुए निर्देशित किया कि सफाई की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा शौचालयों की विशेष सफाई दिन में कई बार सुनिश्चित की जाए।

क्कव वार्ड का निरीक्षण करते हुए उपविकास आयुक्त ने सभी उपकरणों की कार्यशील स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उपाधीक्षक द्वारा बताया गया कि क्कव के सभी बेड वर्तमान में मरीजों से पूर्ण रूप से भरे हुए हैं।

उपविकास आयुक्त ने टळउ (माल न्यूट्रिशन ट्रीटमेंट सेंटर) वार्ड में भर्ती 11 बच्चों की माताओं से बातचीत कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और नियमित



देखभाल की जानकारी ली।

अस्पताल की प्रयोगशाला का अवलोकन करते हुए जांच उपकरणों की जानकारी ली गई। उपाधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में लगभग 80 प्रकार की जांचें अस्पताल प्रयोगशाला में की जा रही हैं।

ओपीडी क्षेत्र में उपचाररत मरीजों से बातचीत कर उपविकास आयुक्त ने उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं की समीक्षा की। इस दौरान ठफ्द्ध विभाग के अधिकारीगण द्वारा प्रतीक्षालय क्षेत्र का माप लिए जाने की प्रक्रिया चल रही थी, जिनसे उपविकास आयुक्त ने आवश्यक बिंदुओं पर संवाद किया।

उपविकास आयुक्त ने एम्बुलेंस खड़ी होने वाले क्षेत्र में बारिश के पानी के जमाव पर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल जलनिकासी व्यवस्था को सुद्दढ़ करने हेतु मरम्मत कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के अंत में उपविकास आयुक्त ने अस्पताल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जनमानस को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं स्वच्छ स्वास्थ्य सेवा मिले, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में ड्राइवरों को किया गया सतर्क

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेशार्नुसार गुमला जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत करमडीपा चौक, गुमला-सिसई मार्ग पर मोटरसाइकिल चालकों के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष एवं जिला प्रशासन की टीम द्वारा किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान कुल 52 दोपहिया वाहन चालकों को रोका गया और उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। सड़क पर यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, दुर्घटना की आशंका से बचाव तथा सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



इस अवसर पर ह्यहिट एंड रनह्व एवं ह्यगुड समेरिटनयोजना की जानकारी भी दी गई। उपस्थित चालकों को बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के एक घंटे के भीतर) अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे सरकार की ओर से 2,000/- की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके लिए अस्पताल में मदद करने वाले व्यक्ति का नाम दर्ज होना अनिवार्य होगा। अभियान के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी अज्ञात वाहन द्वारा दुर्घटना (हिट एंड रन) की स्थिति में सरकार द्वारा मृतक के परिजनों को 2,00,000/- और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को ?50,000/- की सहायता राशि प्रदान करने का प्रावधान है।

जागरूकता अभियान के दौरान चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तिकाएं एवं पंपलेट वितरित किए गए। अभियान का उद्देश्य न केवल नियम उल्लंघन करने वालों को सतर्क करना था, बल्कि नागरिकों में स्वेच्छा से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की भावना जागृत करना भी रहा।

इस अभियान में प्रमुख रूप से मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही।

जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे सड़क पर सुरक्षित और जिम्मेदार व्यवहार अपनाएं तथा किसी भी दुर्घटना की स्थिति में मानवता के आधार पर पीड़ितों की मदद कर समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करें।